तापमान
अधिकतम 32.9 डिग्री
न्यूनतम 24.7 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, गुरुवार 4 जुलाई 2024

13 घर उजाड़ने वाली महिलाओं पर महिला आयोग ...



14 पब्लिक फीडबैक तय करेगा शहर की सफाई का पैमाना ...



# गजब मुसीबत... कटऑफ 80%, लेकिन प्रवेश 30% भी नहीं, वजह एक छात्र का नाम पांच जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

प्रत्येक वर्ष की तरह मौजूदा शैक्षणिक सत्र में भी प्रवेश संबंधित व्यवस्थाओं से महाविद्यालय हलाकान हो गए हैं। हालात ये हैं कि जिन महाविद्यालयों में कटऑफ 80 फीसदी तक गया है, वहां 40 प्रतिशत सीटें भी नहीं भर पाई हैं। महाविद्यालय प्रबंधन इसके पीछे छात्रों को दिए जाने वाले पांच विकल्प को कारण बता रहे हैं। पं. रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा केंद्रीकृत आवेदन व्यवस्था कोविड पूर्व से अपनाई जा रही है। इसके अंतर्गत छात्रों को प्रवेश के लिए फॉर्म भरते वक्त पांच महाविद्यालयों का चयन करना होता है।

रविवि इन सभी पांच महाविद्यालयों को छात्रों के नाम भेज देता है। भेजे गए नाम के आधार पर कॉलेज छात्रों की मेरिट लिस्ट तैयार करते हैं। सर्वोच्च अंक वाले छात्रों के नाम सभी पांच महाविद्यालयों में आ जाते हैं, लेकिन उनके द्वारा प्रवेश किसी एक ही कॉलेज में लिया जाता है। ऐसे में शेष चार महाविद्यालयों में सीटें रिक्त रह जाती हैं। पिछले कई शैक्षणिक सत्र से इस समस्या का सामना महाविद्यालय कर रहे हैं।

## नई अधिसूचना के अनुसार 30 जुलाई तक महाविद्यालयों में भरी जानी हैं सीटें

### प्रत्येक छात्र से ले रहे जानकारी

चुने गए सभी पांच महाविद्यालयों में नाम आने पर छात्र शीर्ष के शासकीय विद्यालय में दाखिला ले रहे हैं। ऐसे में निजी स्कूलों ने अपनी मेरिट लिस्ट में जिन छात्रों को जगह दी है, उनसे वे फोन करके व्यक्तिगत रूप से पूछ रहे हैं कि वे दाखिला ले रहे हैं अथवा नहीं। सीटें खाली रहने पर प्रतीक्षा सूची के छात्रों को बुलाकर प्रवेश करवा रहे हैं। रविवि द्वारा पूर्व में जारी अधिसूचना के मुताबिक, दूसरी मेरिट लिस्ट 8 जुलाई को तथा तृतीय व अंतिम मेरिट लिस्ट 18 जुलाई को जारी की जाएगी।



### इसलिए अधिक दिक्कत

अब तक महाविद्यालयों में प्रवेश 14 अगस्त तक दिए जाते रहे हैं। इस बार इसे घटाकर 31 जुलाई कर दिया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं दिसंबर में होगी। इसके चलते शीघ्र अति शीघ्र प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि पढ़ाई वक्त पर पूर्ण हो सके। ऐसे में प्रवेश के लिए अधिक समय महाविद्यालयों के पास नहीं है। प्राइवेट कॉलेज पूर्व में कई बार इस व्यवस्था में बदलाव की मांग भी कर चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### 169 पुलिस अधिकारी-पुलिसकर्मी की देर रात नवीन पदस्थापना

**रायपुर।** बुधवार देर रात पुलिस महकमे में बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की गई। राजधानी रायपुर के विभिन्न थानों में पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों की नवीन पदस्थापना सूची जारी की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा यह आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार उप-निरीक्षक शंकर कुमार पाल को यातायात में पदस्थापित किया गया है। नरसिंह साहू को सिविल लाइन, शिवशंकर दुबे को कोतवाली, अनिल बघेल को मौदहापारा में नवीन पदस्थापना प्रदान की गई है। उरला, मंदिर हसौद, आरंग क्षेत्रों में भी बदलाव हुए हैं।

### पत्रकार की घर के बाहर खड़ी कार चोरी

**रायपुर।** टिकरापारा थाना में एक पत्रकार ने अज्ञात के खिलाफ अपने घर के बाहर खड़ी कार चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक कमल विहार सेक्टर-1 निवासी पराग मिश्रा ने कार चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। पराग ने पुलिस को बताया है कि सोमवार को उसने रात साढ़े 10 बजे अपनी कार सीजी 04 एच 8616 अपने घर के बाहर पार्क की थी, दूसरे दिन सुबह साढ़े चार बजे सोकर उठा तो उसने देखा, अज्ञात चोर उसकी कार चोरी कर ले गया है।

### शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 44 लाख की ठगी

**रायपुर ।** राजेंद्र नगर थाना में एक बैंक कर्मी ने अज्ञात के खिलाफ शेयर ट्रेडिंग करने के नाम पर 44 लाख रुपए की ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बैंक कर्मी के पास जालसाज ने वाट्सएप मैसेज भेजकर शेयर ट्रेडिंग करने पर दोगुना लाभ मिलने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया। पुलिस के मुताबिक अमलीडीह निवासी एचडीएफसी बैंक के एरिया मैनेजर संजय वर्मा ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। संजय ने पुलिस को बताया है कि दो माह पूर्व एक अज्ञात मोबाइल के धारक ने उसे शेयर ट्रेडिंग एप के ग्रुप में जोड़ा और ऑनलाइन सर्वे के लिए एक लिंक भेजा। ग्रुप में सौ से ज्यादा लोगों के जुड़े होने की वजह से संजय को ग्रुप पर भरोसा हो गया। इसके बाद संजय को आईपीओ का लाभ बताते हुए उनका एक आईडी बनाकर किस्तों में रकम जमा कराने के बाद जालसाजों ने वाट्सएप ग्रुप डिलीट करने के साथ आईडी ब्लाक कर ठगी का शिकार बनाया।




## खारुन नदी में नालों का गंदा पानी साफ करने कारा, निमोरा, चंदनीडीह में लगाया है एसटीपी

# खारुन के तीन एसटीपी का दो साल का बिजली बिल 16 करोड़, अफसर हड़बड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

जल विभाग के फिल्टर प्लांट और इंटेकवेल चलाने में हर साल 36 करोड़ के भारी भरकम बिजली बिल भुगतान करने में पस्त नगर निगम के अफसरों को खारुन नदी में नालों का पानी साफ करने लगाये गये सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के बिजली बिल ने चौंका कर रख दिया है। 2 साल में 3 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का बिजली बिल 16 करोड़ 32 लाख रुपये आया है। इस भारी भरकम बिजली बिल भुगतान करने के लिए निगम के पास पैसे नहीं हैं। ऐसे में अब राज्य शासन से एसटीपी के बिल का भुगतान करने अधोसंरचना मद में राशि मांगी गई है, जबकि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के संचालन व संधारण ⏭ शेष पेज 13 पर

*नागपुर की एसएमएस कंपनी को प्लांट संचालन व संधारण करने 15 साल का एग्रीमेंट*



### सोलर पैनल का है प्रस्ताव

*अमृत मिशन के तहत खारुन नदी में गिर रहे नालों के सीवरेज का पानी को उपचारित करने 3 जगहों पर लगाये गये सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए सोलर पैनल का प्रस्ताव है। एसटीपी के बिजली बिल की राशि का भुगतान करने शासन से अधोसंरचना मद में राशि की मांग कर रहे हैं।*

*- अंशुल शर्मा, प्रोजेक्ट प्रभारी, अमृत मिशन, नगर निगम रायपुर*

### एसटीपी से उपचारित 15 एमएलडी पानी उद्योगों को बेच रहा निगम

नगर निगम खारुन नदी में गिरने वाले 17 नाले व नालियों के सीवरेज का पानी कारा, निमोरा और चंदनीडीह में अमृत मिशन के तहत लगाये गये सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से उपचारित औद्योगिक इकाइयों को बेच रहा है। अब तक 15 एमएलडी उपचारित पानी का विक्रय करने शहर से लगे औद्योगिक इकाइयों के साथ एमओयू हो चुका है। इसमें मां कुंडलगढ़ी इस्पात लिमिटेड 2 एमएलडी यानी 20 लाख लीटर पानी प्रतिदिन खरीद रहा है। बृजेश स्टील 7 एमएमएलडी यानी 70 लाख लीटर उपचारित पानी ले रहा है। इसके अलावा तिल्दा में स्थित अडानी ग्रुप की कंपनियां और भिलाई के एनएसपी 18 एमएलडी उपचारित पानी की मांग कर रहा है। इस संबंध में संबंधित संस्था से प्रस्ताव बनाकर चर्चा चल रही है। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से उपचारित पानी बेचने 6 रुपये प्रति किलोलीटर की दर तय की गई है। विदित हो कि निमोरा में 90 एमएलडी, कारा में 35 एमएलडी और चंदनीडीह में 75 एमएलडी पानी को उपचारित कर दोबारा उपयोग लायक बनाकर नदी में छोड़ा जा रहा है, ताकि खारुन नदी को दूषित होने से बचाया जा सके। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है, 3 एसटीपी से उनकी क्षमता का 70 फीसदी उपचारित जल औद्योगिक इकाइयों को विक्रय किया जा सकता है। इससे नगर निगम को एसटीपी का बिजली बिल भुगतान करने में आसानी होगी।

## पिछले साल भी शुरुआती दिनों में रूठा था मानसून इस बार फिर बने ऐसे हालात



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पिछले साल की तरह इस बार भी जुलाई के शुरुआती दिनों में मानसून प्रदेश से रूठा हुआ है। मानसून द्रोणिका के मणिपुर तक जाने की वजह से यहां कम बारिश हो रही है। बीते तीन दिनों में राज्य के आंकड़े में केवल 37.6 मिमी. का बदलाव हुआ और अगले चार दिनों तक बड़ा अंतर आने की गुंजाइश नहीं है। विशेषज्ञों का तर्क है कि जुलाई के दूसरे ⏭ शेष पेज 13 पर

### 54 बार भारी वर्षा

मौसम विज्ञान केंद्र के आंकड़ों के अनुसार पिछली बार जून से लेकर सितंबर तक प्रदेश में 54 बार भारी बारिश हुई थी। तीन बार कुछ क्षेत्रों में अति से ज्यादा और 21 बार अतिभारी बारिश हुई थी। इसके बाद भी राज्य के किसी भी जिले में वर्षा के संकट की स्थिति नहीं थी। राज्य में 1061.3 मिमी. बारिश हुई थी, जो सामान्य 1142.1 से महज सात प्रतिशत कम थी। इस बार भी मौसम विज्ञान केंद्र ⏭ शेष पेज 13 पर

### स्थिति सामान्य होने के आसार

मानसून अपने समय से पहले छत्तीसगढ़ आया था मगर पूरी तरह सेट होने में समय लगा। जून के अंतिम दिनों में कमी रही मगर जुलाई में इसकी पूर्ति होने की संभावना है। 6-7 जुलाई के बाद प्रदेश में पुनः बारिश का दौर शुरू होने के आसार हैं।

- गायत्री कांचीभोथला, विशेषज्ञ मौसम विभाग


## महादेव सट्टा की रकम ट्रांसफर करने का खेल


# गुजरात के तीन हवाला कारोबारी रायपुर में धरे गए, 80 लाख जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दुर्ग पुलिस ने मंगलवार को महादेव सट्टा एप की रकम ट्रांसफर करने के आरोप में गुजरात के तीन हवाला कारोबारियों को शंकर नगर, खम्हारडीह से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हवाला कारोबारियों के कब्जे से 80 लाख रुपए कैश जब्त किया है। पुलिस ने हवाला कारोबारियों द्वारा रकम ट्रांसफर करने टोकन मनी जारी करने 1,2,5,10 तथा 20 रुपए नोट के आठ बंडल तथा नोट गिनने की मशीन जब्त की है। पुलिस ने इन कारोबारियों को सुपेला से विनय कुमार यादव की निशानदेही पर गिरफ्तार किया है।

दुर्ग एएसपी क्राइम ऋचा मिश्रा के मुताबिक ऑनलाइन सट्टे की रकम हवाला के माध्यम से ट्रांसफर करने के आरोप में गुजरात, पाटण निवासी शक्ति सिंह जडेजा, जयेन्द्र सिंह जडेजा तथा आकाश कुमार दवे को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए आरोपी पूर्व में मुंबई तथा गुजरात में बैठकर सट्टे की रकम को हवाला के माध्यम से ट्रांसफर करते थे। हवाला कारोबारियों को पुलिस जब गिरफ्तार करने पहुंची, उस समय तीनों हवाला कारोबारी हवाला के लिए आई रकम का लेखा-जोखा तैयार कर रहे थे।





### तीनों का कंट्रोल गुजरात से

पुलिस के अनुसार जिन तीन लोगों को महादेव सट्टा एप की रकम हवाला करने के आरोप में पकड़ा है, उन तीनों को गुजरात, अहमदाबाद में बैठा कोई दिनेश भाई व्यास कंट्रोल कर रहा था। पुलिस दिनेश भाई के बारे में जानकारी जुटाने के बाद उसे भी जल्द गिरफ्तार करने का दावा कर रही है।

### पुलिस को मिले वाट्सएप चैट

पुलिस ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया है, उन लोगों के मोबाइल से पुलिस को कई कई वाट्सएप चैट मिले हैं। चैट में किस अकाउंट में कितनी रकम कब ट्रांसफर की गई है, इसकी जानकारी लिखी गई है। पुलिस को जो वाट्सएप चैट मिले हैं, उसमें नेपाल के अलावा यूएई के मोबाइल नंबर शामिल हैं।

### मोबाइल से मिलता था टोकन नंबर

गिरफ्तार हवाला कारोबारियों ने पुलिस को बताया है कि उन लोगों ने सट्टे की रकम हवाला के जरिए ट्रांसफर करने रायपुर में ऑफिस खोला था। हवाला कारोबारियों ने पुलिस को यह भी बताया है कि सट्टे की रकम के लिए ग्राहकों को उनके मोबाइल में एक टोकन नंबर दिया जाता था। टोकन नंबर दिखाने पर उन्हें पैसों का भुगतान किया जाता था। हवाला करने कोई रकम लाकर देता था, तो उन्हें नोट का एक भाग काटकर दे दिया जाता था। नोट का दूसरा भाग गुजरात, मुंबई के हवाला कारोबारियों के पास भेज दिया जाता था। इसके बाद हवाला देने वाली पार्टी गुजरात, मुंबई में जाकर उस हवाला कारोबारी को अपने नोट का टुकड़ा दिखाती। दोनों नोट के नंबर मिलान करने के बाद उन्हें रकम का भुगतान किया जाता था।




### 5 एकड़ शासकीय भूमि पर कब्जा कर तान दी कई दुकानें, तोड़कर मुक्त कराया



**रायपुर।** सेजबहार क्षेत्र के ग्राम बनरसी में राजस्व विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 एकड़ शासकीय भूमि पर किए गए कब्जे को मुक्त कराया। गांव के एक व्यक्ति ने इस भूमि को चारों तरफ फेंसिंग तार से घेरकर यहां अवैध रूप से कई पक्की दुकानें बना ली थीं। भूमि को घेरे जाने के कारण कई किसानों को अपने खेतों में जाना मुश्किल हो गया था। क्षेत्र के ग्रामीणों ने इसकी ⏭ शेष पेज 13 पर



## खबर संक्षेप



### स्पोर्ट्स बाइक फिसली चालक की मौके पर मौत

**अभनपुर।** राजिम रोड कठिया मोड़ से जामगांव पहुंच मार्ग पर तेज रफ्तार स्पोर्टस बाईक अनियंत्रित होकर दुर्घटना होने बाईक सवार दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई वही बाईक भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभनपुर बड़े उरला निवासी पुनीत यादव 22 वर्ष व इशंत ढीढी 16 वर्ष दोपहर करीब 3 बजे अपनी बाईक क्रमांक सीजी 04 एमए 9476 से कठिया मोड़ से जामगांव की ओर आ रहे थे इसी दौरान स्पोर्टस बाईक अनियंत्रित होकर फिसल गई दुर्घटना इतनी भयानक हुई कि बाईक पर पीछे बैठा युवक काफी दुर जा गिरा व एक युवक का सिर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया वही दुसरे युवक को भी शरीर में गंभीर चोटे आने पर मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई।

### राहुल गांधी के हिंदू विरोधी बयान पर भड़का भाजयुमो




**आरंग।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा हिंदू धर्म के खिलाफ टिप्पणी करने के मामले को लेकर ग्राम भैंसा में युवा मोर्चा समोदा मंडल, रामराज परिवार भैंसा परिक्षेत्र, बजरंग दल एवं श्रीराम जी की सेना ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया। इस अवसर पर युवा मोर्चा अध्यक्ष गोविंद वर्मा, महामंत्री अमन बघेल, दीपक वर्मा उपाध्यक्ष, रवि साहू मिडिया प्रभारी आरंग, धनेंद्र धीवर, रोहित साहू, बिट्टू यादव, सौरभ वर्मा, केशव, भीषम धुरव, सिद्धू वर्मा, मानस वर्मा, सतीश वर्मा, चुनामनी वर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आरोग्य मंदिर कोरासी को एनक्यूएस प्रमाण पत्र



**आरंग।** केंद्रीय एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रलय ने स्वास्थ्य केन्द्रो का निरीक्षण और मूल्यांकन के बाद एनक्यूएस प्रमाण पत्र जारी किया। इसमें उच्च स्तरीय गुणवत्ता स्वास्थ्य सेवाएं प्रदाय किए जाने हेतु आयुष्मान आरोग्य मंदिर कोरासी ने यह उपलब्धि हासिल किया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजयलक्ष्मी अंनत ने सभी स्टॉफ को बधाई दी और इसी प्रकार आगे कार्य करने के लिए कहा। गौरतलब है की केंद्रीय एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रलय द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वाशन मानक सर्टिफिकेट 12 मानकों के आधार पर किया जाता है। इसके लिए संस्था द्वारा सेवा पर प्रदायगी, मैरिज संतुष्टि क्लीनिकल सर्विसेज, इनपुट संक्रमण नियंत्रण सपोर्ट सर्विलेंस गुणवत्तापूर्ण प्रबंध आउटपुट जैसे मानको की गुणवत्ता को मूल्यांकन किया जाता है, मूल्यांकन में खरा उतरने वाले अस्पतालों को केंद्रीय एवं परिवार कल्याण मंत्रलय द्वारा गुणवत्ता प्रमाण पत्र जारी किया जाता है।

### कुरुद में अंगना म शिक्षा 4.0 पढ़ाई तिहार सम्पन्न



**आरंग।** शासकीय प्राथमिक शाला कुरूद (बारादेरा) में मंगलवार को अंगना म शिक्षा 4.0 पढ़ाई तिहार का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों की शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास एवं गणित पूर्व तैयारी के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां करवायी गई। जिसमें नवप्रवेशी बच्चों व माताओ ने हिस्सा लिया। वही शाला में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। जिसके अंतर्गत नीम के पौधो का रोपण किया गया एवं इसकी देखरेख हेतु सभी संकल्पित हुए। कार्यक्रम में प्रधान पाठक एवं समस्त स्टाफ प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक के साथ ही शाला विकास समिति के सदस्य व पालकगणों की उपस्थिति रही।

# प्रवेशोत्सव के न्योता भोज में खीर-पूरी, मिठाई, केला, मिक्चर, पापड़ की दावत बच्चों ने उड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ताराशिव

तिल्दा ब्लॉक के ग्राम ताराशिव मे शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मे नव प्रवेशी शासकीय प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला, और हायर सेकेंडरी स्कूल ताराशिव के बच्चों का शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे जिला पंचायत सभापति राजू शर्मा उपस्थित हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता ताराशिव सरपंच मनीष वर्मा द्वारा किया गया विशेष अतिथि के रूप में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जाहिरे सर,जनपद पंचायत तिल्दा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक गोस्वामी सर उपस्थित रहें जिसमे शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर बच्चों को स्कूल ड्रेस, किताब पेन बाटा गया व तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया, साथ ही शाला परिसरो मे सभी उपयुक्त जगह पर वृक्षारोपण किया गया। 02 जुलाई को जन्मदिन के अवसर पर सरपंच मनीष वर्मा द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला, मिडिल स्कूल के बच्चों को नेवता भोज मे खीर,पूड़ी, मिठाई, केला, मिक्सचर, पापड़ प्रदान किया गया! हायर सेकेंडरी स्कूल ताराशिव के बच्चों के लिए नाश्ता वितरण किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभापति राजू शर्मा ने कहा की आजादी के 75 साल बाद भी स्कूलों में अगर शिक्षक,अतिरिक्त शाला भवन, या अन्य प्रकार की कोई कमी नहीं होनी चाहिए अगर कमी हो तो जल्द बेवस्था मे सुधार करने की आवश्यकता है।

## ताराशिव में हुआ शाला प्रवेशोत्सव, सरपंच ने न्योता भोज कराया



### केक काटकर जन्मदिन मनाया

व्यक्ति पढेगा तो उसमे विवेक रहेगा अपने स्वास्थ्य और जीवनयापन के लिए धन कमाने की व्यवस्था कर लेगा, बेटियां सब जगह आगे होती जा रही है बेटों के ऊपर भी ध्यान देने शासन को प्लान बनाने के आवश्यकता है कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच मनीष वर्मा ने कहां की आप सभी के सहयोग से मेरा जन्मोत्सव अविष्मरणीय बन चुका है क्योंकि शाला मे आप सब के मध्य केक काटकर कर जन्मदिन मानना खास रहा, सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें, छात्र जीवन ही सबसे अनमोल समय है जिसमे व्यक्ति के जीवन की दशा और दिशा तय होती है सभी जमकर मेहनत करे! कार्यक्रम को बिईओ जाहिरे सर और सीईओ गोस्वामी सर ने भी सम्बोधित किया व बच्चों को निरंतर मेहनत करना ही सफलता की कुंजी बताया सबसे अच्छा जीवन विद्यार्थी जीवन को कहा! कार्यक्रम मे प्रायमारी, मिडिल, हायर सेकेंडरी स्कूल के सभी स्टाफ और बच्चे उपस्थित रहें व विद्यालय परिवार की और से अमिया धृतलाहरे ने आभार ब्यक्त करते हुए सरपंच मनीष वर्मा को नेवता भोज के आयोजन और अपना जन्मदिन बच्चों के बीच मनाने के लिए धन्यवाद प्रदान किया व सभी अतिथियों का स्कूल आगमन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

तैयारी : तिल्दा सहित क्षेत्र के गांव-गांव में स्वागत, यात्रा 45 दिनों तक चलेगी

# माता कौशल्या मंदिर का निर्माण 2026 तक पूरा कराने संत बालक दास ने की संपर्क यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



जामडी पाटेश्वर आश्रम के संत श्रीराम बालक दास जी महात्यागी ने अपने छत्तीसगढ़ के आन बान शान को बनाए रखने मां कौशल्या मंदिर निर्माण को सन 2026 में पूर्ण करने 1 जून से लगातार छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेशों में मंदिर निर्माण सम्पर्क यात्रा को लेकर श्रीराम जननी मां कौशल्या की भव्य मंदिर निर्माण की कीर्ति को बताने व मंदिर निर्माण में सहभागी बनाने गांव गांव तक पहुंच रहे हैं, और बता रहे हैं कि छत्तीसगढ़ की बेटी कौशल्या के पुत्र श्रीराम जी का पावन धाम अयोध्या में बन चुका है अब बारी है छत्तीसगढ़ के बालोद जिला में मां कौशल्या जी के विराजमान होने की। आप अन्य प्रदेशों में बनने वाले मंदिर निर्माण के लिए जब प्रेम से सहयोग करते हैं। ये तो आपके प्रदेश के सम्मान का विषय है आपके प्रदेश की बेटी मां कौशल्या अपने ही जन्म भूमि में अपने धाम के लिए क्यों तरसे। आप भी आइए और इस मंदिर निर्माण में सहभागी बनकर छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाईये। इस बात को सुनकर बंधुओ के साथ माताए भी संकल्प करने मंच में पहुंचने लगती है । माताओं का आशीर्वाद धन राशि के रुप में मिल रहा है ।

छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध संत राम बालक दास महात्यागी जी के द्वारा आयोजित मां कौशल्या मंदिर संपर्क यात्रा 45 दिन तक चलेगी। इस यात्रा के अंतर्गत सरोरा , तुलसी , तिल्दा एवं देवरी गांव में संत श्री का आगमन हुआ तो ग्रामीणों ने मंदिर निर्माण कार्य में अपना नाम अंकित कराये ।

## छत्तीसगढ़ में श्री राम को भांजा मानने की परंपरा है

*चार धाम के बाद संत श्री ने कहा कि भारत का पांचवा धाम माता कौशल्या का बने ऐसी मेरे मन की इच्छा है जिसे साकार करने आप सबके सहयोग की आवश्यकता है। उपस्थित श्रद्धालु भक्तों ने दोनों भुजाएं खड़ी कर सहयोग करने का सहमति प्रदान किया।*

*इस अवसर पर बहुत संख्या में भक्तों एवम माताओ, ने मां कौशल्या धाम के निर्माण के लिए अपने-अपने संकल्प राशि का दान किया । यात्रा में मुख्य प्रवक्ता संत श्री राम बालक दास जी ने कहा कि हम भगवान राम को अपना भांजा मानते हैं इसलिए छत्तीसगढ़ से करोड़ो रूपये अयोध्या भेजा गया ! लेकिन अब तीन युग से इंतजार कर रही हमारे छत्तीसगढ़ की बेटी माता कौशल्या के धाम के निर्माण का विषय है इसलिए समस्त छत्तीसगढ़िया अपने कमाई का एक हिस्सा छत्तीसगढ़ के मान संवर्धन हेतु मां कौशल्या धाम के निर्माण के लिए प्रदान करें। अभी मंदिर निर्माण कार्य में 80 कारीगर एकरंगा लाल पत्थर को तरासने में लगे हुए हैं। मां कौशल्या मंदिर निर्माण कार्य की द्वितीय तल लोकार्पण की तैयारी जोरों से चल रहा है। आप भी जाकर उस निर्माण को सहजता से देख सकते हैं। इस अवसर पर बहुत संख्या में भक्तों एवं माताओ ने तीन वर्ष तक प्रतिवर्ष 21000, 11000 , 5100 रूपये की राशि का संकल्प लिया । संत श्री ने सभी का रामनामी अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। इसी तरह आगामी 2 दिनों तक यात्रा बलौदाबाजार क्षेत्र में चलेगी*

# कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ 7 तक पांच हजार पौधे रोपेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ का अभिनव पहल 1 जुलाई से 7 जुलाई तक मनाया जाएगा वृक्षारोपण हरियाली सप्ताह। पर्यावरण असंतुलन से ग्लोबल वार्मिंग ,वैश्विक समस्या के रुप मे रुपांतरित हो रहा है,जिसके भयावह परिणाम से हम अवगत ही हैं। इस वर्ष की गर्मी ने 48 डिग्री को पार कर लिया था।

बढ़ती गर्मी ने ए.सी.एवं कूलर की मांग में असाधारण वृद्धि कर दी थी। परिणामतः सीएफसी और सीओ कार्बन डाई आक्साइड की मात्रा वातावरण में बढ़ती जा रही है। जिससे प्रतिवर्ष गर्मी में गुणोत्तर वृद्धि हो रही है।

हम भौतिक संसाधनों का उपयोग कर कुछ समय के लिए राहत तो पा सकते हैं पर पूर्णकालिक समाधान हमें प्रकृति के मौलिक स्वरुप से ही प्राप्त होगा। छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के नायब तहसीलदार विपिन पटेल ने कहा कि शासकीय कर्मचारी अपने पदीय कर्तव्य के साथ -साथ व्यस्तम जीवन से यदि पर्यावरण की प्रदुषण को कम करना चाहते हैं और प्रकृति के वास्तविक स्वरुप में उसे लाना चाहते हैं ,प्राकृतिक संसाधनों का समुचित प्रयोग करना चाहते हैं तो इसका सबसे सरल माध्यम पेड़ लगाना ही है.

आइये 1 जुलाई से राजस्व वर्ष के प्रारंभिक दिवस से हम प्रकृति के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन कर औरों को वृक्षारोपण के प्रति प्रेरित करें। पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ अभियान में 1 जुलाई को समस्त राजस्व कर्मचारी/अधिकारी सूबह 8 से 11बजे तक अपना श्रम दान करते हुए प्रकृति को उसका मौलिक सौंदर्य प्रदान करने अपना यथेष्ठ सहयोग प्रदान करें।

छ. ग. कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के नायब तहसीलदार विपिन पटेल ने बताया कि संघ द्वारा वृक्षारोपण अभियान को हरियाली सप्ताह के रूप में मनाया जायेगा जो कि दिनांक 1जुलाई से 7 जूलाई तक चलेगा जिसमें 5000 पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है। यह कार्यक्रम सभी तहसील और पटवारी कार्यालय में प्रान्ताध्यक्ष राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में मनाया जायेगा।

# विद्यालय योग्य और सभ्य नागरिक गढ़ने की कार्यशाला, प्रवेशोत्सव में छात्रों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



स्कूल शिक्षा विभाग छ. ग.शासन से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में विकासखंड तिल्दा,संकुल अड़सेना अंतर्गत, ग्राम मोहदी के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में शाला प्रवेशोत्सव एवं नेवता भोज का भव्य आयोजन किया गया। माँ वीणापाणी ,छत्तीसगढ़ महतारी, भारत माता के जयकारे के साथ आरंभ हुए कार्यक्रम में पंचायत एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति पदाधिकारियों का संस्था प्रमुखों, शिक्षकों व बच्चों ने अभिनंदन किया ,प्रधानपाठक अनिता नाग परमार ने आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया ।

मंच को उपाध्यक्ष सावित्री वर्मा, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा आदि ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर कक्षा पहिली व छटवीं के नवप्रवेशी बच्चों के भल पर तिलक लगाकर, मुह मीठा कर अभिनंदन करते हुए निशुल्क पाठ्यपुस्तक व गणवेष वितरित किए गए ,प्रबंधन समिति द्वारा पहाड़ा, कॉपी, पेन आदि शिक्षण सामग्री भी दिए गए ।


सभी अतिथियों ने बच्चों के साथ बैठकर विद्यालय के शिक्षकों के सौजन्य से आयोजित नेवता भोज का आनंद लिया ,जिसमें भोजन के साथ लड्डू, बलुसाय ,केला आदि परोसे गए।

मंच संचालन शिक्षक दौलत धुरंधर एवं आभार प्रदर्शन प्रधानपाठक परमानंद ध्रुव ने किया। कार्यक्रम में सचिव रोहित कुमार साहू, पंडित केजू प्रसाद शर्मा, विधायक प्रतिनिधि द्वय कृपा राम वर्मा,टिकेश्वर पाल,सांसद प्रतिनिधि मोहित निषाद,पूर्व सरपंच मोंगरा टण्डन, पंच माया वर्मा, भोजराम वर्मा,सदस्यगण श्रवण निषाद,भरत निषाद,भूमिका वर्मा,चित्ररेखा वर्मा,अंजनी ध्रुव, प्रधान पाठक परमानंद ध्रुव,भुनेश्वरी साहू,बिधान मंडल ,रमेश कुमार वर्मा सहित पंचायत व प्रबंधन समिति पदाधिकारियों सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की

इस अवसर पर ग्राम पंचायत के प्रथम नागरिक सरपंच धनेश ध्रुव ने शाला प्रवेशोत्सव का महत्व समझाते हुए विद्यालय को सभ्य,सुशिक्षित, देशभक्त नागरिक गढ़ने की कार्यशाला बताया ,नेवता भोज को सरकार का अभूतपूर्व सकारात्मक पहल बताया, उन्होंने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ,प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ डी आर वर्मा ने नवनिहालों को शुभकामनाएं दी तथा संस्कारयुक्त शिक्षा पर जोर देते हुए बच्चों को नियमित विद्यालय आने,अनुशासन व लगन के साथ विद्या अध्ययन करने प्रेरित किया। उन्होंने प्राथमिक शाला में शिक्षकों की कमी को स्थानीय स्तर पर पूर्ण करने जुलाई माह के भीतर दो मानसेवी शिक्षकों की नियुक्ति के प्रस्ताव को मंजूरी दी संकुल समन्वयक भोला प्रसाद वर्मा ने नित नए प्रयोग से प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बच्चों के सुखद भविष्य की बुनियाद निरूपित करते हुए 26 जनवरी को पुनः गणवेश वितरण करने की जानकारी दी तथा बच्चों को स्वच्छता व अनुशासन के साथ नियमित विद्यालय आने प्रेरित किया।


### ब्लाक शाला प्रवेश उत्सव में पहुंचे विधायक खुशवंत



**आरंग।** आरंग के विधायक गुरु खुशवंत साहेब बुधवार को आरंग विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत समोदा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में आयोजित विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने नवप्रवेशित बच्चों को मिठाई खिलाकर, गणवेश और पाठ्य–पुस्तक का वितरण किया। विधायक साहेब ने सरस्वती साइकिल योजना के तहत 9वीं के बच्चों को साइकिल वितरण कर बधाई दी। इस अवसर पर विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने स्कूल परिसर में आम का पौधा लगाकर पर्यावरण को हरा–भरा रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा कि डबल इंजन भाजपा सरकार में हर बच्चा को उचित और बेहतरीन शिक्षा मिलेगी। मुख्ययमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में भाजपा सरकार बच्चों के स्वस्थ और शिक्षा में विशेष ध्यान दे रही हैं। नवीन सत्र के शुभारंभ की मैं सभी को बधाई देता हुं। विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने आगे कहा कि जब विद्यार्थी अपने गुरुजनों और माता पिता के बतायें मार्ग पर चलता है तो वो जीवन में सफलता जरुर प्राप्त करता हैं।

# अवैध लकड़ी से कोयला बनाने का गोरखधंधा जारी, सीएम को सौंपा ज्ञापन









**चंदखुरी।** छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग के माध्यम से प्रति वर्ष मई जून माह में सघन वृक्षारोपण का अभियान चलाकर करोड़ों अरबों रुपये खर्च करती है। वही दूसरी ओर राजधानी रायपुर में प्रकृति को उजाड़ने का ग़ोरख़ कारोबार खुलेआम संचालित किया जा रहा है। राजधानी रायपुर की हरियाली को ख़त्म करने का गोरख कारोबार चल रही है। जिसको रोकने वाले अमला शांत बैठी है। जिसके ज़िम्मे रायपुर को स्वच्छ हरा भरा पर्यावरण को अनुकूल करने का ज़िम्मा है। वो वन तस्करी के मामले में चुप्पी साधे बैठी है। राजधानी रायपुर से महज़ 15-20 किलोमीटर की दूरी में विकास खंड आरंग के ग्राम नागपुरा में लकड़ी का कारख़ाना स्थापित है। जहां अवैध रूप से इमारती लकड़ी की ख़रीदी कर उसका गुटका बनाकर उसे लकड़ी से कोयला बनाने का गोरख कारोबार खुलेआम कर रही है। लेकिन विभाग आरा मिल अनुमति एवं कोयला भट्टी बनाने का शासन से अनुमति का पल्ला झाड़ रहे है। और अपनी ज़िम्मेदारी से भाग रही है।

तिल्दा ब्लॉक के ग्राम असौदा में कोयला बनाने की भट्टी स्थित है। जो महज़ 8-10 किलोमीटर के आस पास में लगी हुई है। कार्यवाही से बचने के लिए सरकारी डिपो से विधिवत दिखावे का लकड़ी ख़रीदी कर बाक़ी अवैध लोकल लकड़ी को ख़रीदी कर उक़्त गोरख कार्य को अंजाम दिया जा रहा है।

उक़्त अवैध कारोबार से रोज़ाना सैकडो ट्रैक्टर प्रतिबंधित इमारती लकड़ी तस्करों के भेट चढ रोज़ अवैध आरा मिल में क़ीमती झाड़ के टुकड़े टुकड़े हो कर लकड़ी से कोयला बनाने के अवैध फ़ैक्ट्री में सैकडो पेड़ की रोज़ होली कई वर्षो से रोज़ जल रही है।

श्री जांगड़े ने मुख्यमंत्री वन मंत्री मुख्य सचिव कलेक्टर को ज्ञापन प्रेषित किया गया एवं प्रधान मुख्य संरक्षक श्री अनिल साहू पी सी सी एफ जी एवं मुख्य वन संरक्षक श्री राजू अगसिमनी मुख्य वन संरक्षक अधिकारी रायपुर वन वृत रायपुर भेट मुलाक़ात कर वन अधिनियम के प्रावधानों के तहत कड़ी कार्यवाही की माँग की है।

हिंदू समाज को अपमानित किया, करें क्षमायाचना : भाजपा

# हिन्दू विरोधी बयान पर राहुल का भाजयुमो ने पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंदखुरी



कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हिंदू विरोधी बयान का भाजपा युवा मोर्चा ने विरोध जताया है। बुधवार की शाम राहुल गांधी के बयान के विरोध में भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने विधायक कार्यालय नेता जी चौक से रैली निकाल कर बस स्टैंड पर राहुल गांधी द्वारा संसद में दिए गए हिंदू विरोधी बयान का विरोध जताते हुए नारेबाजी की और उनका पुतला दहन किया।

इस दौरान युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष वेद प्रकाश देवांगन ने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संसद में हिंदू विरोधी बयान देकर कहा था कि हिंदू हिंसक है। इस बयान का हम सभी विरोध करते है। इस दौरान अविनाश (विक्की) साहु,सूरज साहु, नेम साहु,महामंत्री गोलू वीरेंद्र कडरा, लक्ष्मीकांत साहू, बब्बू वेद चंद्राकर,कुलेश्वर लोधी, नंदकुमार ढीढी, ऋषि सोनकर, यशपाल लोधी, तोरण साहू,चमन सिन्हा सूर्यकांत खेलन, कैलाश साहू, आकाश पटेल, अरविंद टंडन, रितेश खेलवार, राजकुमार साहू, मुकेश बंजारे, वीरेंद्र चतुर्वेदी, अजीत टंडन, कृष्णा कुर्रे उपस्थित रहे। इस दौरान विशेष रूप से भाजपा आरंग मंडल अध्यक्ष देवनाथ साहू ,चम्मन साहू अशोक चंद्राकर,राजेश साहु, आशीष शर्मा, चंद्रशेखर साहू, विक्रम परमार, दिलीप जलछतरी, संतोष चंद्राकर, राकेश सोनकर,चेतन साहु,तुलाराम साहु, चेतराम पाल, अशोक यादव, नरेंद्र साहनी की उपस्थिति रहे।

## मोर्चा आरंग मंडल ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

**आरंग।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हिंदू विरोधी बयान का भाजपा युवा मोर्चा ने विरोध जताया है। बुधवार की शाम राहुल गांधी के बयान के विरोध में भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने विधायक कार्यालय नेता जी चौक आरंग से रैली निकाल कर बस स्टैंड पर राहुल गांधी द्वारा संसद में दिए गए हिंदू विरोधी बयान का विरोध जताते हुए नारेबाजी की और उनका पुतला दहन किया। युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष वेद प्रकाश देवांगन ने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संसद में हिंदू विरोधी बयान देकर कहा था कि हिंदू हिंसक है, इस बयान का हम सभी विरोध करते है। इस दौरान अविनाश साहु, सूरज साहु, नेम साहु, महामंत्री गोलू वीरेंद्र कडरा, लक्ष्मीकांत साहू, बब्बूवेद चंद्राकर, कुलेश्वर लोधी, नंदकुमार ढीढी, ऋषि सोनकर, यशपाल लोधी, तोरण साहू, चमन सिन्हा, सूर्यकांत खेलन, कैलाश साहू, आकाश पटेल, अरविंद टंडन, रितेश खेलवार, राजकुमार साहू, मुकेश बंजारे, वीरेंद्र चतुर्वेदी, अजीत टंडन, —ष्णा कुर्रे उपस्थित रहे। इस दौरान विशेष रूप से भाजपा आरंग मंडल अध्यक्ष देवनाथ साहू, चम्मन साहू, अशोक चंद्राकर, राजेश साहु, आशीष शर्मा, चंद्रशेखर साहू, विक्रम परमार, दिलीप जलक्षत्री, संतोष चंद्राकर, राकेश सोनकर, चेतन साहु, तुलाराम साहु, चेतराम पाल, अशोक यादव, नरेंद्र साहनी की उपस्थिति रही।

**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार क्रेता सुखदेव राम साहू उम्र 67 वर्ष पिता बलीराम साहू जाति तेली निवासी सेरीखेड़ी तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा विक्रेतागण 1. रामेश्वरी साहू पति पुरनलाल साहू 2.बोधनीबाई साहू पति झाडूराम साहू 3.लक्ष्मीबाई साहू पति यादराम साहू जाति तेली निवासी ग्राम अकोलीकला तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. वाले से भूमि स्वामी हक एवं आधिपत्य की भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम परसकोल प.ह.नं. 35 तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. में स्थित कृषि भूमि में ख.नं. 976/3 रकबा 0.53 हे. एवं ख.नं. 976/1 रकबा 0.52 हे. एवं ख.नं. 976/2 रकबा 0.53 हे.राजस्व रिकार्ड में दर्ज है, जिसको मेरे पक्षकार क्रेता द्वारा क्रय किया जाकर ब्याना रकम देकर इकरारनामा निष्पादित कर लिया है, पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

इसलिए उपरोक्त सौदे के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, विक्रेता या सोसायटी,बैंक,शासकीय उसके कोई वारिसान, फर्म सोसायटी, बैंक, शासकीय अर्द्धशासकीय निकाय, महाजन अथवा किसी अन्य को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति या उजरदावा हो तो आपत्तिमय प्रमाणित दस्तावेज के साथ मेरे नीचे दिये गये पते पर (7) सात दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। एवं पावती प्राप्त करें। अन्यथा उपरोक्त अवधि के समाप्ति पश्चात मेरा पक्षकार बिक्रीशुदा भूमि का विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करा लेवेगा तथा उसके बाद उपरोक्त सौदा के संबंध में कोई उजर दावा आपत्ति किया जावेगा, तो अमान्य व शून्य माना जावेगा। तथा मेरा पक्षकार उसके लिए किसी भी प्रकार से जवाबदार नही होगा। सो सूचना जानें,

आरंग छ.ग.
दिनांक 03/07/2024

के. के. गुप्ता (अधिवक्ता)
इंदिरा चौक आरंग. जिला रायपुर
(छ.ग.) मो.नं. 9425228796

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने विवेकानंद की पुण्यतिथि पर किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महान दार्शनिक और आध्यात्मिक गुरू स्वामी विवेकानंद की 4 जुलाई को पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। उन्होंने अपने संदेश में कहा, स्वामी ने भारतीय दर्शन और आध्यात्म से पूरी दुनिया का परिचय कराया और मानवता के कल्याण का मार्ग दिखाया। छत्तीसगढ़ ने स्वामी के उदार, व्यवहारिक और सुधारवादी सिद्धांतों को अपनाया है। उनके बचपन का कुछ समय रायपुर में बीता, यह छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय है। उनके अमूल्य विचार सदियों तक लोगों को प्रेरित करते रहेंगे।

### खाद्यमंत्री के ओएसडी यादव हटाए गए

**रायपुर।** खाद्यमंत्री दयालदास बघेल के ओएसडी अजय कुमार यादव को मूल विभाग में वापस भेजने का आदेश सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया है। जीएडी ने आदेश में कहा है कि श्री यादव, खाद्य अधिकारी को संचालनालय खाद्य विभाग को वापस कर दिया गया है।

### तंबाकू नियंत्रण पर हुई कार्यशाला

**रायपुर।** तंबाकू नियंत्रण की दिशा में और अधिक प्रयास एवं आने वाली पीढ़ी को इसके हानिकारक प्रभावों से बचाने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा ब्लूमबर्ग परियोजना छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन एवं संचालक स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार शासन के प्रमुख विभागों के राज्य एवं जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में इस राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में आबकारी विभाग, श्रम विभाग एवं परिवहन विभाग के राज्य एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित हुए। पैकेट में चेतावनी प्रदर्शित होने के बावजूद भी लोगों द्वारा तम्बाकू का उपयोग किए जाने पर चिंता व्यक्त की गई। कार्यशाला में तम्बाकू उत्पादों के कारण स्वास्थ्य, पर्यावरण एवम आर्थिक स्थिति में पड़ने वाले भार से अवगत कराया गया।

### साव से मिले यूनिसेफ के जूनियर चीफ

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव से बुधवार को उनके निवास कार्यालय में यूनिसेफ छत्तीसगढ़-ओड़िशा के जूनियर चीफ विलियम हेनलोन ने सौजन्य मुलाकात की। उप मुख्यमंत्री ने उन्हें छत्तीसगढ़ में जल जीवन मिशन और अन्य विकास कार्यों की जानकारी दी। श्री साव और यूनिसेफ की टीम के बीच जल और इससे जुड़ी परियोजनाओं के क्रियान्वयन में कार्पोरेट सेक्टर की सहभागिता के लिए 'जल कोष' के गठन के संबंध में चर्चा हुई।

### बीएसएनएल उपभोक्ता सायबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर में करें शिकायत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ परिमंडल रायपुर के मुख्य महाप्रबंधक ने बीएसएनएल के उपभोक्ताओं को सचेत रहने और सावधानी बरतने को कहा है। उन्होंने कहा कि विगत कुछ दिनों से शिकायतें मिल रही है कि कुछ उपभोक्ताओं को केवाईसी अपडेट संबंधित वाट्सएप संदेश आ रहे हैं। यह संदेश भ्रामकहै। इसे धोखाधड़ी की मंशा से भेजे जा रहे हैं। क्योंकि, बीएसएनएल अपने उपभोक्ताओं को केवाईसी अपडेट के लिए वाट्सएप संदेश नहीं भेजता है। इन संदेशों का बीएसएनएल से कोई संबंध नहीं है। जिन उपभोक्ताओं को ऐसा कोई भ्रामक संदेश मिला है तो वे सायबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 या चक्षु पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। संदेश में दर्ज नंबर पर कॉल ना करें, ना ही किसी लिंक पर क्लिक करें। किसी भी उपभोक्ता के पास केवाईसी दस्तावेज, यूजर आईडी, पासवर्ड, डेबिट कार्ड संख्या, पिन, सीवीवी, ओटीपी आदि को अपडेट या सत्यापित करने संबंधित ई-मेल, मैसेज में एंबेडेड लिंक, कॉल आते हैं तो कभी भी इनका उत्तर ना दें। बीएसएनएल का कॉल सेंटर टोल-फ्री नंबर 1503 एवं 1800-180-1503 हैं। अन्य किसी नंबर पर कॉल-सेंटर संचालित नहीं है। इसलिए कोई भी उपभोक्ता अन्य किसी नंबर पर कॉल सेंटर समझ कर कॉल ना करें। अधिक जानकारी के लिए बीएसएनएल के नजदीकी उपभोक्ता सेवा केंद्रों में संपर्क करें।

# अब बड़े प्रशासनिक फेरबदल की आहट, सचिव, प्रमुख सचिव, कलेक्टर और संचालक बदले जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार द्वारा बुधवार को राज्य प्रशासनिक सेवा के 19 अफसरों की तबादलों के बाद अब सरकारी प्रशासनिक गलियारों में बड़े प्रशासनिक फेरबदल का आहट सुनाई दे रही है। उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो जल्द ही सचिव, विशेष सचिव, संचालक और कुछ जिलों में कलेक्टरों के तबादला आदेश जल्द जारी किए जा सकते हैं।

राज्य सरकार ने इससे पहले फरवरी में प्रशासनिक फेरबदल करते हुए कई अधिकारियों के तबादले और नई पदस्थापनाओं के आदेश जारी किए थे। इसके बाद मार्च में लोकसभा की चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद तबादलों पर प्रतिबंध लग गया था। अब चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने के बाद माना जा रहा है कि सरकार एक बार फिर बड़े प्रशासनिक फेरबदल की तैयारी में जुट गई है। इसकी शुरुआत बुधवार को राज्य प्रशासनिक सेवा के 19 अधिकारियों के तबादलों से हो गई है। इससे पहले जनवरी में 89 अधिकारियों के तबादले और नई पदस्थापनाएं की थीं।

## राप्रसे अधिकारियों के तबादलों से मिले हैं संकेत

खास खबर

### जिलों में बदले जा सकते हैं कलेक्टर

प्रशासनिक फेरबदल के तहत जिलों में पदस्थ कलेक्टरों को बदला जाना प्रस्तावित है। राज्य में जिन जिलों के कलेक्टरों को बदला जाना है उनमें जिलों में कलेक्टरों के कामकाज की समीक्षा के आधार पर बदलाव संभावित है। हालांकि अभी ये साफ नहीं है कि सरकार किन जिलों के कलेक्टरों को बदलने जा रही है। दूसरी ओर अगले कुछ महीनों में राज्य के नगरीय निकायों के चुनाव होने वाले हैं। सरकार इन चुनावों के मद्देनजर भी बदलाव कर सकती है।




### बदले जा सकते हैं ये अधिकारी

उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो नए प्रशासनिक फेरबदल की प्रक्रिया में सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों जैसे सचिव, विशेष सचिव, संचालक और कुछ जिलों के कलेक्टरों के तबादले संभावित है। माना जा रहा है कि सरकार के छह माह के कार्यकाल के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा विभागों की समीक्षा बैठक की जा रही है। इस समीक्षा के बाद विभागों में कामकाज की स्थिति सामने आ रही है। इसी आधार पर ये संभावना व्यक्त की जा रही है कि जिन विभागों और जिलों में कामकाज सरकार की अपेक्षा के अनुरूप नहीं पाया गया है, तथा जिन विभागों के माध्यम से सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, उन विभागों से संबद्ध अधिकारियों की पदस्थापना में अफसरों के प्रदर्शन के अधार पर बदलाव किया जा सकता है।

## 6 से 20 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा

# फौती, नामांतरण एवं बंटवारा, अभिलेख त्रुटि सुधार के प्रकरणों का होगा निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब लोगों को राजस्व संबंधी प्रकरणों के निपटारे के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार ने इस दिशा में कदम उठाते हुए 6 से 20 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा आयोजित करने की तैयारी की है। श्री साय के निर्देश पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने निर्देश जारी किए हैं। इस कार्यक्रम की जानकारी लोगों तक पंहुचाने के लिए हर ग्राम पंचायत में कोटवारों के माध्यम से मुनादी करवाने कहा गया है।




### इन मामलों का होगा निपटारा

राजस्व पखवाड़े के दौरान आयोजित होने वाले शिविरों में प्राप्त होने वाले आवेदनों जैसेः फौती, नामांतरण एवं बटवारा, अभिलेख त्रुटि सुधार के प्रकरणों का मौके पर ही आनलाईन अपलोड कर हल्का पटवारी द्वारा प्रतिवेदन, पंचनामा कर प्रविष्टि एवं मौके पर ही नोटिस ईश्तहार जारी कर पक्षकारों को तामिली कराकर निराकरण करने को कहा गया है। शिविर स्थल पर ही बी-1, खसरा एवं किसान किताब के प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। इसी तरह आय, जाति, निवास प्रमाण-पत्र संबंधी समस्त आवेदनों का शिविर स्थल पर ही लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से आनलाईन प्रविष्टि एवं समय-सीमा में शत-प्रतिशत निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों एवं उन पर की गई कार्यवाही की जानकारी प्रत्येक दिवस निर्धारित प्रपत्र में कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

### लोक सेवा गारंटी पर होगा काम

सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग अविनाश चंपावत से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत राजस्व न्यायालय से संबंधित लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लोक सेवाओं की अदायगी हेतु समय-सीमा में कार्यवाही की जाएगी। इसी तरह अविवादित नामांतरण और खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन, वृक्ष कटाई का समय-सीमा के बाहर प्रकरणों तथा सभी राजस्व न्यायालय में शून्य आदेश पत्र वाले प्रकरणों का 15 जुलाई तक शत-प्रतिशत निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही नगरीय क्षेत्रों के सीमांकन प्रकरणों का भी पूर्ण निराकरण किया जाना है। विवादित नामांतरण, विवादित खाता विभाजन और धारा 115 अंतर्गत अभिलेख त्रुटि हेतु आवेदन प्राप्त कर तथा इसके लिए जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए 31 जुलाई तक शत-प्रतिशत निराकरण किया जाएगा। निराकरण नहीं करने वाले राजस्व अमले पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### राजस्व मंत्री ने अधिकारियों को दिए आदेश

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने राज्य के सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा, अविवादित राजस्व प्रकरणों के निराकरण में अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राजस्व मंत्री के ध्यान में यह बात लायी गई है कि अविवादित राजस्व प्रकरणों के निराकरण में अनावश्यक विलंब किया जा रहा है। सभी राजस्व अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें कि राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण हो। जिले में पंचायत सचिव के माध्यम से गांव में ग्रामीणों के जितने राजस्व प्रकरण होंगे, उनके माध्यम से तहसीलदार कार्यालय में जमा होंगे। इसकी मॉनिटरिंग कलेक्टर स्तर पर की जाएगी, जिससे जिले के राजस्व कार्यों का निपटारा शीघ्र होगा। छत्तीसगढ़ में राजस्व के लाखों मामले में लंबित हैं। राजस्व विभाग में जमीन के सीमांकन, नामांतरण, बी-वन नक्शा-खसरा और बंटवारा जैसे काम समय पर नहीं हो पा रहे हैं, जिससे लोगों को महीनों चक्कर लगाने पड़ते हैं। इन कार्यों के लिए समय नियत होने के बाद भी समय पर काम नहीं हो रहे हैं।

### पौने दो लाख से अधिक मामले लंबित

राजस्व विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 20,18,953 कुल दर्ज प्रकरण में से 18,42,205 निराकृत, 1,76,748 मामले लंबित हैं। इनमें से 4,055 मामले 5 वर्ष,12,180 मामले 2 से 5 वर्ष से लंबित, 24,282 मामले 1 से 2 वर्ष से हैं लंबित पड़े हैं। प्रत्येक जिले में हजारों मामले लंबित पड़े हैं। किसान और भू-स्वामियों के कई चक्कर लगाने के बाद सीमांकन, बंटाकन जैसे काम नहीं होने से परेशान हैं। प्रत्येक जिले की समीक्षा में यह बात सामने आई कि कई मामले वर्षों से लंबित हैं।

# हाईकोर्ट के आदेश पर पुलिस विभाग में एसआई की भर्ती प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




- 2021 से शुरू हुई थी प्रक्रिया, अब तक थी लंबित
- मुख्य परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर 370 का शारीरिक परीक्षण 9 को

उच्च न्यायालय बिलासपुर के 20 मई को पारित आदेश पर पुलिस विभाग में उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के मुख्य लिखित परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर भर्ती प्रक्रिया के आगे के चरण शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए 370 अतिरिक्त पुरुष उम्मीदवारों का चयन किये जाने का निर्देश दिया गया है। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा सूबेदार, उपनिरीक्षक, प्लाटून कमाण्डर के पदों के लिए चयनित 370 अतिरिक्त अभ्यर्थियों की सूची पुलिस मुख्यालय के वेबसाइट पर 11 जून को जारी कर दी गयी है। शारीरिक दक्षता परीक्षा 9 जुलाई को स्वामी विवेकानंद स्टेडियम, कोटा-रायपुर में प्रातः 7 से आयोजित की जायेगी। शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए चयनित अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा के प्रवेशपत्र 28 जून से पुलिस मुख्यालय की वेबसाइट पर जारी किए गए हैं। चयनित अभ्यर्थी वेबसाइट से अपना प्रवेशपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

### 2021 में निकला था विज्ञापन

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में पुलिस विभाग के उप निरीक्षक और प्लाटून कमांडर के खाली पदों पर भर्ती के लिए पुलिस मुख्यालय ने साल 2021 में विज्ञापन निकाला था। भर्ती की जिम्मेदारी व्यावसायिक परीक्षा मंडल को दी गई। 17 सितंबर 2021 को आवेदन जमा करने के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर समेत अन्य पदों पर भर्ती के लिए व्यापमं ने प्रक्रिया शुरू की थी। इसे बाद में निरस्त कर दिया गया। अभ्यर्थियों में आक्रोश भड़क गया और उन्होंने विरोध प्रदर्शन किया था। राज्य सरकार ने 2021 में भर्ती प्रक्रिया शुरू की, लेकिन वह भी अब तक पूरी नहीं हो पाई है।

# पनगढ़िया के साथ तीन दिनों के लिए आएगा केंद्रीय वित्त आयोग, सरकार रखेगी अनुदान-मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

16वें केंद्रीय वित्त आयोग का छत्तीसगढ़ में तीन दिनों का प्रवास होगा। आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में 12 सदस्सीय आयोग यहां 11 से 13 जुलाई तक रहेगा। राज्य सरकार आयोग के समक्ष राज्य के विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तावित परियोजनाओं के लिए विशिष्ट अनुदान संबंधी मांगपत्र भी प्रस्तुत किया जाएगा। हरिभूमि ने बुधवार को प्रकाशित समाचार में आयोग के प्रवास की जानकारी सबसे पहले दी थी।

राज्य सरकार ने आयोग के प्रवास के संबंध में आधिकारिक जानकारी दी है। बताया गया है कि 16वें केंद्रीय वित्त आयोग के प्रतिनिधिमंडल का छत्तीसगढ़ में तीन दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में 11 से 13 जुलाई तक के लिए तय हुआ है। आयोग में 12 सदस्यीय दल अंतर्गत अध्यक्ष के अतिरिक्त सदस्य अजय नारायण झा, एनके सिंह, मनोज कुमार पांडेय, सौमित्र कांती घोष तथा आयोग के सचिव अजय नारायण पांडेय, संयुक्त सचिव दीपक कुमार मिश्रा और निदेशक जनरल रविचंद्र सिंह एवं अन्य अधिकारी शामिल होंगे।

### वित्तमंत्री का प्रेजेंटेशन होगा

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों की उपस्थिति में राज्य के वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा आयोग के समक्ष राज्य के आर्थिक, वित्तीय, अधोसंरचना विकास तथा राज्य की विशिष्ट आवश्यकताओं से संबंधित विषयों पर प्रस्तुतिकरण व ज्ञान प्रस्तुत किया जायेगा। प्रस्तुतिकरण में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ के गठन के बाद से उत्पन्न प्रभाव की स्थिति से आयोग को अवगत कराते हुए आने वाले वर्षों में राज्य की वित्तीय आवश्यकताओं के संबंध में चर्चा की जायेगी।

# 3 माह में ही पिछले साल से अधिक 470 लाख टन का माल लदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बीते वित्तीय वर्ष में रेल मंडल ने 400 लाख टन माल ढुलाई की थी। इस उत्कृष्ट व उपलब्धिपूर्ण कार्य के लिए डीआरएम ने अधिकारी व कर्मचारियों की पीठ थपथपाई और कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने तक लक्ष्य से आगे बढ़कर दिखाना है। बिलासपुर रेल मंडल का प्रथम तिमाही लदान में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मंडल ने इसका श्रेय अपने समर्पित रेलकर्मियों को दिया है, जिनके परिश्रम, सतत व अनुशासित प्रयास से यह संभव हो सका है। कर्मचारियों की एक खास बात है कि वह विपरीत परिस्थितियों में भी डटकर काम करते हैं।

सर्वाधिक लदान करने वाले मंडलों में से एक होने की ओर अग्रसर बिलासपुर रेल मंडल ने वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम तिमाही यानी 30 जून की स्थिति में यह नई उपलब्धि हासिल की है। पिछले वित्तीय वर्ष के प्रथम तिमाही में 400 लाख टन माल ढुलाई की गई थी। मालूम हो कि रेलवे माल ढुलाई को आकर्षक बनाने के लिए कई तरह की रियायतें भी उपभोक्ताओं को देती है। मौजूदा नेटवर्क में मालगाड़ियों की गति में भी काफी वृद्धि हुई है। मालगाड़ियों की गति में सुधार से सभी हितधारकों की लागत में भी बचत हो रही है।

### कार्यों को समय पर पूरा करने सतत निगरानी

मंडल एक या दो नहीं बल्कि, विभिन्न सेक्शनों में तीसरी व चौथी लाइन कनेक्टिविटी के कार्य व्यापक स्तर पर कराए जा रहे हैं। सबसे खास बात यह है कि इन कार्यों का समय पर पूरा करने के लिए सतत निगरानी भी की जाती है। रेलवे का मानना है कि इन सभी कार्यों का परिणाम है मंडल नए कीर्तिमान अर्जित कर रहा है। इस उपलब्धि के लिए मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पांडेय ने सभी अधिकारियों तथा रेलकर्मियों को उनके बेहतरीन प्रयासों की के लिए शाबासी दी और कहा कि आगे रेल मंडल को उपलब्धि दिलाने के लिए इसी तरह कार्य करेंगे। बिना उनके प्रयास के यह संभव नहीं था। इसी गति के साथ माल ढुलाई होगी तो रेल मंडल बड़ी आसानी से लक्ष्य हासिल कर लेगा।

# राज्य की 18 सड़क परियोजनाओं को केंद्रीय परिवहन मंत्रालय ने दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, वर्ष 2024-25 के लिए केंद्र से छत्तीसगढ़ में करीब 18 परियोजनाओं को स्वीकृति मिली है। केंद्र से इसके लिए 3289 करोड़ करोड़ रुपये राज्य सरकार को मिलेंगे। साथ ही प्रस्तावित 1006 किलोमीटर लंबाई के आठ कार्यों के सर्वेक्षण और डीपीआर के लिए 35 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने संवाददाताओं से चर्चा में राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छत्तीसगढ़ के लिए इतनी बड़ी राशि का प्रावधान करने के लिए भारत सरकार तथा केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, बीजेपी की डबल इंजन सरकार का लाभ छत्तीसगढ़ की जनता को लगातार मिल रहा है। उन्होंने बताया कि कस्तूरमेटा से महाराष्ट्र सीमा तक डबल लेन में सड़क चौड़ीकरण और उन्नयन का कार्य किया जाएगा। इसके अलावा जगदलपुर-सुकमा-कोंटा मार्ग पर स्थित कांगेर वेली राष्ट्रीय उद्यान के भाग में डबल लेन सड़क चौड़ीकरण का कार्य होगा। इसी तरह रायपुर-बौलादाबाजार मार्ग पर विधानसभा चौक से खरतोरा मार्ग तक 42 किमी फोरलेन सड़क चौड़ीकरण एवं उन्नयन का कार्य 42 किलोमीटर तक किया जायेगा।



### कांग्रेस सरकार के समय नहीं मिलते थे प्रस्ताव

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने पूर्व की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार के समय जब केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी रायपुर आए थे तब उन्होंने सार्वजनिक रूप से कहा था की हर प्रस्ताव की स्वीकृति दी जायेगी। इसके बाद एक दूसरे कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में भी इस बात को स्वीकारते हुए कहा था कि जितना मांगते हैं उससे ज्यादा दिया जाता है। उपमुख्यमंत्री ने कहा, केंद्र की सरकार ने विकास को लेकर कभी भेदभाव नहीं किया। पूर्व में कांग्रेस की सरकार में प्रस्ताव नहीं मिलते थे, क्योंकि कांग्रेस की विकास में रुचि ही नहीं थी।

### निवेशकों का राज्य में स्वागत

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, हम चाहते है कि प्रदेश में नए-नए उद्योग आए और उद्योग नीति आगे बढ़े। निवेश करने वाले लोगों का छत्तीसगढ़ में स्वागत है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि समयबद्ध तरीके से सरकार ने सिस्टम तैयार किया है। निवेश आएगा, उद्योग लगेगा और प्रदेश का विकास होगा, जिससे रोजगार बढ़ेगा।

**उमाशंकर अग्रवाल होंगे अपर आयुक्त**

# राज्य प्रशासनिक सेवा के 19 अधिकारियों का तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन ने राज्य प्रशासनिक सेवा के 19 अधिकारियों के तबादले का आदेश जारी कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश में जो अधिकारी प्रभावित हुए हैं, उनमें शैलाभ कुमार साहू अपर कलेक्टर सारंगढ़ को उप सचिव मंत्रालय, लवीना पांडेय अपर कलेक्टर जांजगीर-चांपा को उप सचिव मंत्रालय में पदस्थ किया गया है।

यामिनी पांडेय गुप्ता रजिस्ट्रार रेरा को संयुक्त संचालक खेल एवं युवक कल्याण संचालनालय, उमाशंकर अग्रवाल सामान्य प्रशासन विभाग को अपर आयुक्त नगर निगम रायपुर, पदुम लाल यादव उप संचालक प्रशासन अकादमी निमोरा को उपायुक्त संभागीय



आयुक्त कार्यालय दुर्ग, उमेश कुमार पटेल संयुक्त कलेक्टर राजनांदगांव को अवर सचिव मंत्रालय, अरुण कुमार वर्मा, संयुक्त कलेक्टर कांकेर को रजिस्ट्रार रेरा, सुनील कुमार शर्मा संयुक्त कलेक्टर बस्तर को कुल सचिव कुशाभाउ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विवि रायपुर, सुमन राज संयुक्त कलेक्टर रायपुर को संयुक्त कलेक्टर खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, प्रदीप कुमार वैद्य संयुक्त कलेक्टर सूरजपुर को कांकेर, कैलाश प्रसाद वर्मा संयुक्त कलेक्टर बीजापुर को प्रबंधक नया रायपुर अटलनगर विकास प्राधिकरण नया रायपुर, शीतल बंसल संयुक्त कलेक्टर बलोद को राजनांदगांव, बहादुर सिंह मरकाम डिप्टी कलेक्टर मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर को धमतरी, हितेश पिस्दा डिप्टी कलेक्टर गरियाबंद को दुर्ग, तरूणा साहू डिप्टी कलेक्टर बालोद को अवर सचिव मंत्रालय, रानू मैथ्यूज प्रबंधक नया रायपुर अटलनगर विकास प्राधिकरण नया रायपुर को डिप्टी कलेक्टर बस्तर, रश्मि वर्मा सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय को उप संचालक छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी निमोरा, अरविंद शर्मा सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय को उपायुक्त भू-अभिलेख नया रायपुर अटल नगर और महेश शर्मा डिप्टी कलेक्टर रायगढ़ को बिलासपुर पदस्थ किया गया है।

## प्रदेश भाजपा कार्यालय में की जाएगी शुरुआत

# आज से भाजपा का सहयोग केंद्र मंत्री आम लोगों की सुनेंगे समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में भाजपा गुरुवार से सहयोग केंद्र शुरू करने जा रही है, इसमें अलग-अलग दिनों में सरकार के मंत्री मौजूद रहेंगे। यहां दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक लोगों की समस्याओं को सुनकर निराकरण करने का प्रयास होगा।

सहयोग केंद्र में भाजपा के कार्यकर्ता भी अपनी समस्या बता सकेंगे। भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में इसकी शुरुआत की जाएगी। यहां हर दिन अलग-अलग विभागों के मंत्री आम लोगों से मिलेंगे। सहायता केंद्र प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने बताया कि 4 जुलाई को मंत्री लखनलाल देवांगन और प्रदेश महामंत्री भरत लाल वर्मा। 5 जुलाई को मंत्री दयालदास बघेल और प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा सहायता केंद्र में मौजूद रहेंगे। लोगों की समस्या सुनेंगे और उनका निराकरण भी करेंगे। बीजेपी कार्यालय में शुरू होने वाले सहयोग केंद्र पर 8 जुलाई को डिप्टी सीएम अरुण साव और प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, 9 जुलाई को मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल और प्रदेश महामंत्री रामजी भारती कार्यकर्ताओं और आम लोगों से मुलाकात करेंगे और समस्याओं का निराकरण करेंगे।

### सीएम हर गुरुवार कर रहे जनदर्शन

सीएम विष्णुदेव साय के जनदर्शन कार्यक्रम की शुरुआत 27 जून से हो चुकी है। अब सीएम साय हर गुरुवार को सीएम हाउस में जनदर्शन कार्यक्रम के तहत आम लोगों की समस्याओं को सुनेंगे और उनका समाधान करेंगे। 4 जुलाई गुरुवार को जनदर्शन कार्यक्रम होगा।

### नो योर आर्मी का आयोजन 5 और 6 अक्टूबर को

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से बुधवार को उनके निवास कार्यालय में थल सेना के ब्रिगेडियर अमन आनंद ने सौजन्य मुलाकात की। वे वर्तमान में भारतीय थल सेना के छत्तीसगढ़ और उड़ीसा सब एरिया के कमांडर हैं। मुलाकात के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष छत्तीसगढ़ में आर्मी की आगामी कार्ययोजना के सम्बन्ध में चर्चा की। उन्होंने बताया की भारतीय थल सेना आगामी 5 और 6 अक्टूबर को रायपुर में नो योर आर्मी कार्यक्रम का आयोजन करेगी। इसमें स्थानीय लोगों और विशेषकर बच्चों को आर्मी के बारे में विस्तार से जानने और समझने का मौका मिलेगा।

## खबर संक्षेप



### कमल विहार में हुआ उपनयन संस्कार कार्यक्रम

रायपुर। श्रीश्री रविशंकर की संस्था आर्ट ऑफ़ लिविंग रायपुर परिवार द्वारा कमल विहार में बुधवार को उपनयन संस्कार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वामी ब्रम्हचारी शिवतेज एवं स्वामी सच्चिदानंद द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम सभी पुरुष, महिलाएं, 10 वर्ष की आयु से अधिक के बच्चों के लिए किया गया। साथ ही संध्यावंदन (वैदिक मंत्र एवं उच्चारण) का प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में रचना चतुर्वेदी, राजगोपाल, परेश पटेल, नीति मिश्रा, शशि दुबे आदि शामिल थे।

### महाराष्ट्र मंडल का शपथ ग्रहण समारोह 6 को

रायपुर। महाराष्ट्र मंडल द्वारा 6 जुलाई को भव्य शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा 14 सदस्यीय कार्यकारिणी के अलावा विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों और महिला केंद्रों की संयोजिका-सह संयोजिकाओं को शपथ दिलाएंगे। साथ ही महाराष्ट्र मंडल के भावी महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट 16 कमरों के निर्माण का शिलान्यास भी किया जाएगा। यह जानकारी महाराष्ट्र मंडल की उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में विशेष अतिथि धरसींवा के विधायक अनुज शर्मा के आने की संभावना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन सहित मंडल के पदाधिकारी शामिल होंगे।

### मुस्लिम महासभा आज

रायपुर। मुस्लिम महासभा का आयोजन आज बैजनाथपारा मुस्लिम हॉल में किया गया है। यहां प्रदेश के मस्जिदों के मुतवल्ली हजरात, दरगाहों के खादिम व कमेटी सदर, अंजुमन के सदर, बुद्धिजीवी वर्ग, सीरत कमेटी, मदरसे के मुदर्रिश शामिल होंगे। समाज की विभिन्न मांगों को लेकर यह महासभा रखी गई है, जहां विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी।

### संतोष हाल में रचना पाठ स्पर्धा 6 को

रायपुर। वक्ता मंच द्वारा 6 जुलाई को शाम 5 बजे मेग्नेटो माल के थर्ड फ्लोर में स्थित संतोष हाल में रचना पाठ स्पर्धा होगा। वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते ने बताया कि इसके अंतर्गत प्रतिभागियों को 4 मिनट की अवधि में स्वरचित कविता, कहानी, लघुकथा, गीत, गजल, हास्य या व्यंग्य की प्रस्तुति देनी होगी। साहित्य की विभिन्न विधाओं व उनके रचनाकारों को एक साथ एक मंच में प्रस्तुत करने का यह अनूठा प्रयास होगा। स्पर्धा में किसी भी आयु समूह के रचनाकार सम्मिलित हो सकते है। इच्छुक कलाकार निर्धारित तिथि व समय पर 15 मिनट पूर्व सीधे कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते है, विलंब से आने पर स्पर्धा में प्रवेश नहीं मिलेगा। वक्ता मंच द्वारा समस्त साहित्य प्रेमियों को इस अवसर पर आमंत्रित किया जा रहा है।

## निधन

### चंद्रकांत उपाध्याय



रायपुर। भिलाई सेक्टर 6 निवासी चंद्रकांत उपाध्याय (68) का 3 जुलाई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 4 जुलाई को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे मनोरमा उपाध्याय के पति और राजीव व खुशबू के पिता थे। उनके निधन पर विप्र परिजनों ने शोक व्यक्त करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# अब पांच की जगह चार यूनिट, बड़े बदलाव नहीं, पुराने पाठ्यक्रम को ही बांटा आठ सेमेस्टर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महाविद्यालयों के पाठ्यक्रम में अब पांच की जगह मात्र चार ही यूनिट होंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत नया सिलेबस जारी कर दिया गया है। राजभवन से मंजूरी मिलते ही इसे विश्वविद्यालयों को उपलब्ध करा दिया गया है। कुछ दिनों के अंतराल में इसे महाविद्यालयों को प्रेषित कर दिया जाएगा।

अलग खबर


सिलेबस का अध्ययन करने के बाद विशेषज्ञों का कहना है कि पाठ्यक्रम में अधिक बदलाव नहीं किए गए हैं। पुराने सिलेबस को ही आठ सेमेस्टर में विभाजित कर दिया गया है। मंगलवार को राजभवन से सिलेबस को मंजूरी मिलने के बाद इसे उच्च शिक्षा विभाग और विश्वविद्यालयों को उपलब्ध करा दिया गया है।

विश्वविद्यालयों से कहा गया है कि वे महाविद्यालयों को इसे शीघ्र ही प्रेषित कर दें। मौजूदा सप्ताह में सभी शासकीय और निजी महाविद्यालयों को सिलेबस उपलब्ध करा दिया जाएगा। इसके बाद महाविद्यालयों में अध्ययन कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इसके पूर्व शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार, कक्षाएं एक जुलाई से प्रारंभ की जानी थी, लेकिन सिलेबस उपलब्ध नहीं होने के कारण महाविद्यालयों ने जुलाई के दूसरे पखवाड़े से कक्षाएं संचालित करने का निर्णय लिया।

## नया सिलेबस जारी, कला से लेकर वाणिज्य और विज्ञान संकाय में भी केवल आंशिक परिवर्तन

### केवल विस्तार अथवा घटाव

वाणिज्य तथा विज्ञान संकाय के इतर कला संकाय के विविध विषय, जिनमें बदलाव अथवा नए प्रयोग की संभावना थी, उनमें भी विशेष बदलाव नहीं हुए हैं। पूर्व से ही पाठ्यक्रम का हिस्सा रहे टॉपिक्स को ही या तो विस्तार दिया गया है अथवा उन्हें घटाया गया है। इसके अतिरिक्त अधिक बदलाव नहीं हुआ है। प्रत्येक विषय में एक-दो टॉपिक ही अतिरिक्त रूप से जोड़े गए हैं। अधिकतर में यह बदलाव भी नहीं किया गया है। केवल परीक्षा प्रणाली में ही बदलाव मुख्य है। चूंकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति मौजूदा सत्र में सिर्फ प्रथम वर्ष में ही लागू होगी, इसलिए फिलहाल प्रथम और द्वितीय सेमेस्टर के ही सिलेबस तैयार किए गए हैं। शेष के लिए अभी इंतजार करना होगा।



### जल्दबाजी में फैसला

इसे जल्दबाजी में लागू किया गया है। इस कारण सिलेबस में अधिक बदलाव दिखाई नहीं दे रहा है। इसमें कई तरह के बदलाव की संभावना है।

*- डॉ.देवाशीष मुखर्जी*
*प्राचार्य, महंत कॉलेज*

## उरला हेल्थ सेंटर का मामला, मंगलवार को हुआ था हंगामा

# दो नवजात की मौत के मामले में एक्शन, महिला डाक्टर बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लापरवाही की वजह से दो नवजात की मौत के मामले में शासन ने तत्काल एक्शन लिया है। उरला शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की महिला चिकित्सक को बर्खास्त कर दिया गया है। मंगलवार को दो बच्चों की मौत के मामले में हेल्थ सेंटर में स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया था और चिकित्सकीय स्टाफ पर गंभीर आरोप लगाए थे।

हरिभूमि फॉलोअप

जानकारी के अनुसार इस मामले की जानकारी होने पर सीएमएचओ ने तीन डाक्टरों की कमेटी बनाकर जांच के लिए उरला भेजा था। समिति ने जांच के बाद बुधवार को अपनी रिपोर्ट सौंप दी, जिसे शासन को भेज दिया गया था। शासन ने इस मामले को गंभीरता से लिया और संबंधित संचालनालयों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए थे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक ने संविदा आधार पर सेवा देने वाली महिला चिकित्सक डॉ. पूनम सरकार को बर्खास्त कर दिया है। उस पर सोनी साहू के प्रसव के दौरान गंभीर लापरवाही करने का आरोप लगाया गया था। महिला की तबीयत बिगड़ने पर परिवार वाले उसे रेफर करने की मांग करते रहे, मगर महिला चिकित्सक ने ऐसा नहीं किया, जिसकी वजह से डिलीवरी के दौरान बच्चे की मौत हो गई। महिला को किसी तरह आंबेडकर अस्पताल लाया गया तब उनकी जान बच सकी। इसके पूर्व एक अन्य नवजात ने भी वहां सामान्य डिलीवरी करवाने की जिद की वजह से जान गंवाई थी। इसे लेकर कल दिनभर स्वास्थ्य केंद्र में हंगामा चलता रहा। मितानिनों के साथ परिवार वालों ने भी वहां काफी देर तक हल्ला मचाया था।


उरला हेल्थ सेंटर में लापरवाही ने ली नवजात की जान, हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उरला के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) में डाक्टर तथा चिकित्सकीय स्टाफ की लापरवाही से नवजात की

■ प्रभारी चिकित्सक

### प्रभारी निलंबित

इस मामले में स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सुनील साहू को भी निलंबित कर दिया गया है। जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में इसे भी इस घटना के लिए जिम्मेदार बताया था। डॉ. सुनील साहू के खिलाफ स्वास्थ्य संचालनालय स्तर पर कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि के दौरान वे संभागीय संयुक्त संचालक के कार्यालय में रहेंगे और बिना सूचना के मुख्यालय छोड़कर नहीं जाएंगे।

### सालभर पहले गुढ़ियारी में हुई थी कार्रवाई

इसी तरह की लापरवाही सालभर पहले गुढ़ियारी अस्पताल में भी सामने आई थी। उस दौरान बड़े अस्पताल के लिए रिफर करने में देरी की वजह से जच्चा-बच्चा की मौत हो गई थी। प्रकरण में हमर अस्पताल में काफी हंगामा हुआ था, जिसके बाद वहां की महिला चिकित्सक को हटा दिया गया था। इसके बाद से वहां काफी दिनों तक डिलीवरी का काम बंद कर दिया गया था।

### खाने की समस्या का भी समाधान

स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती होने वाले मरीजों को खाने की सुविधा भी कल से मिलने लगेगी। सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया कि खाने की सप्लाई करने वाले ने पारिवारिक समस्या की वजह से खाना देना बंद कर दिया था। चिकित्सकीय स्टाफ को निर्देशित किया गया है कि मरीजों की अन्य समस्या का भी शीघ्र समाधान कर दिया जाए।

# पुरानी बस्ती से लाखेनगर मार्ग पर 8 डमी पुतले सहित 50 सामग्री की जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- दुकानों के सामने फैलाकर रखा सामान, ट्रैफिक जाम की समस्या
- चबूतरे को तोड़ा, गैस चूल्हा भी जब्त

राजधानी के विभिन्न मुख्य व्यावसायिक मार्गों पर स्थित दुकानों के सामने अनाधिकृत रूप से रखे गये सामान, ठेलों और गुमटियों के कारण वाहनों की पार्किंग में हो रही दिक्कत और ट्रैफिक जाम को दूर करने निगम मुख्यालय उड़नदस्ता टीम ने पुरानी बस्ती से लाखेनगर मार्ग पर अभियान चलाया। इस दौरान दुकानों के बाहर रखे गये 8 डमी पुतले जब्त किये गये। टेबल, स्टैंड के साथ ही 50 सामग्री जब्त की गई।

दरअसल, शहर के अलग-अलग इलाकों में मुख्य मार्ग पर दुकानदारों द्वारा फुटपाथ पर किये जा रहे कब्जों को रोकने तथा दुकानों के सामने पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेश व निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर कटोरा तालाब से नेताजी होटल चौक तक सड़क मार्ग में अनाधिकृत रूप से रखे गये सामान की जब्ती की गई। इसी तरह पुरानी बस्ती से लाखे नगर चौक होते हुए एनआईटी तक मार्ग के दोनों ओर स्थित दुकानों के सामने बिना अनुमति के रखे गये सामान, बोर्ड, टेबलों एवं फल के कैरेट को जब्त किये जाने की कार्रवाई की गई। इस मार्ग पर स्थित दुकानों के बाहर बड़ी संख्या में अनाधिकृत सामान एवं ठेले, गुमटियां दुकान संचालकों द्वारा रखी गयी थीं।



### नेताजी हॉटल के सामने गैस चूल्हा जब्त

कटोरा तालाब चौक स्थित नेताजी होटल के संचालक द्वारा दुकान के बाहर गैस चूल्हा रखा गया था, जिसे निगम अमले ने जब्त किया। इसी क्षेत्र में सतगुरु मोबाइल के संचालक द्वारा दुकान के सामने अनाधिकृत रूप से चबूतरे का निर्माण कर विज्ञापन बोर्ड रखे गये थे, जिसे तोड़ा गया। निगम आयुक्त ने शहर के व्यावसायिक मार्गों पर पार्किंग एवं यातायात व्यवस्था को बाधित कर रहे दुकानों के सामने रखे अनाधिकृत सामान एवं ठेलों, गुमटियों के खिलाफ दुकानदारों पर निरंतर कार्रवाई के निर्देश जोन कार्यालयों को दिये हैं।

**वृंदावन हॉल में संगीत संध्या कार्यक्रम कल :** रायपुर। मां आनदिंनी फाउंडेशन द्वारा शानदार सदाबहार गीतों से सजी सुरमई शाम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 5 जुलाई को शाम 6 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी संस्था के संयोजक डा. वंदना ठाकुर और मीडिया प्रभारी संजय भवालकर ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में उम्दा गायक कलाकार एवं गायिकाओं द्वारा शानदार गायिकी एवं गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। इस कार्यक्रम में कराओके जगत के कई कलाकार मौजूद रहेंगे।

# विस थाना क्षेत्र में तीन दिन के भीतर तीन बड़ी चोरी, चोर घरों से 15 लाख का माल ले उड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- एक महीने में बड़ी चोरी की आठ वारदात

राजधानी के आउटर थाना विधानसभा में चोरों ने आठ घरों के ताले तोड़ते हुए 35 लाख से ज्यादा की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जिन घरों में चोरी की घटनाएं हुई हैं, उन चोरों को पुलिस अब तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है। इस थाना क्षेत्र की दो अलग-अलग कालोनी में धावा बोलते हुए चोर तीन दिन के भीतर 15 लाख रुपए कैश सहित सोने, चांदी तथा डायमंड की अंगूठी ले उड़े हैं। जिन तीन स्थानों में चोरी की घटनाएं हुई हैं, उनमें दो चोरी की घटना एक ही रात में हुई है। घटना का एक सीसीटीवी फूटेज भी सामने आया है, जिसमें चोर अपने चेहरे पर स्कार्फ बांधे दिख रहा है।

गौरतलब है कि पिछले महीने 28-29 जून की दरमियानी रात सकरी स्थित गैलेक्सी आईलैंड में चोरों ने धावा बोलते हुए रात 12 से दो बजे के बीच भारत तिब्बत सीमा पर तैनात असिस्टेंट कमांडेट दुष्यंत सिंह जायसवाल के घर से ढाई लाख रुपए से ज्यादा के सोने-चांदी के जेवर तथा नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना दिनांक को उसी कालोनी में शारडा एनर्जी के असिस्टेंट मैनेजर दीपक कुमार वर्मा के घर चोरों ने दबिश देते हुए नकदी 55 हजार सहित एक लाख रुपए से ज्यादा कीमत के जेवर पर हाथ साफ कर दिया।



### दो घंटे के भीतर घर में हाथ साफ कर फरार हुए चोर

एक अन्य घटना में परसुलडीह स्थित क्लासिक सिटी में रहने वाले अभिषेक गेंदले के घर चोरी की घटना हुई है। अभिषेक ने पुलिस को बताया है कि उसकी मां वन विभाग में नौकरी करती है। सोमवार शाम वह अपनी मां को ऑफिस लेने गया था। घर आने पर अभिषेक ने देखा कि अज्ञात चोर घर के दरवाजे का ताला तोड़ कर नकदी सवा लाख रुपए सहित 12 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए हैं।

### एक माह के भीतर आठ चोरी

विधानसभा थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों में चोरों ने धावा बोलते हुए एक महीने के अंदर आठ घरों के ताले तोड़े और 35 लाख रुपए से ज्यादा की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने एक भी मामले में अब तक चोरों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। पुलिस अफसरों के मुताबिक जिन घरों में चोरी की घटना हुई है, उन घरों के आसपास से मिले सीसीटीवी फूटेज हासिल कर चोरों के बारे में पतासाजी की जा रही है। पुलिस ने चोरी की घटनाओं का जल्द खुलासा करने का दावा किया है।

# घर उजाड़ने वाली महिलाओं पर महिला आयोग सख्त, भेजा नारी निकेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- अनावेदक पत्नी को बिना तलाक दिए दूसरी महिला से विवाह कर लिया था

शादीशुदा व्यक्ति से संबंध रखकर पहली पत्नी का घर उजाड़ने जैसे प्रकरणों में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग दूसरी पत्नी बनने का प्रयास करने वाली महिलाओं के खिलाफ सख्त रवैया अपना रहा है। आयोग ने बुधवार को ऐसे 3 प्रकरणों में विवाहित व्यक्ति से संबंध रखने वाली 3 महिलाओं को सुधारने के लिए नारी निकेतन भेजने का फैसला सुनाया है। एक दिन पूर्व भी आयोग ने दो महिलाओं को नारी निकेतन भेजा था।

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, सदस्य नीता विश्वकर्मा व बालो बघेल ने रायपुर स्थित कार्यालय में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। इनमें तीन प्रकरण ऐसे थे, जिनमें विवाहित व्यक्ति की पत्नी होने के बावजूद उसके साथ दूसरी महिलाएं पत्नी बनकर रह रही थीं। इनमें एक प्रकरण में आवेदिका को उसका पति किसी अन्य महिला के साथ 1 साल से भाग गया था। अनावेदक पत्नी को बिना तलाक दिए दूसरी महिला से विवाह कर लिया था।

आयोग ने इस मामले में दूसरी महिला को सुधरने का मौका देकर 2 माह के लिए नारी निकेतन रायपुर भेजे जाने का आदेश दिया है। इसी प्रकार एक अन्य प्रकरण में आवेदिका ने अपने पति के दूसरी महिला के साथ अवैध संबंध से परेशान होकर शिकायत की है। आवेदिका ने बताया कि दूसरी महिला की वजह से उसका पति उसके साथ मारपीट करता है। इस मामले में आयोग ने दूसरी महिला को सुधरने का मौका नारी निकेतन भेजा है। इसी दौरान तीसरे प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि आवेदिका और उसके पति के दो बच्चे 14 वर्ष और 18 वर्ष के हैं। दूसरी महिला एवं उसके पति के भी 14 वर्ष व 11 वर्ष के 2 बच्चे हैं। आवेदिका ने बताया कि आवेदिका के पति और दूसरी महिला के मध्य अवैध संबंध है। इस बात को दूसरी महिला का पति भी जानता है। आवेदिका ने आयोग से कहा कि वह चाहता है कि उसकी पत्नी को उचित समझाइश देकर सुधरने का मौका दिया जाए।




### 3 वर्ष के बच्चे को आयोग ने उसकी मां से मिलाया

एक अन्य प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि उसके 3 वर्ष के बच्चे को उसका पति अपने साथ ले गया था तथा बिना तलाक लिए दूसरा विवाह भी कर लिया है। आयोग ने सुनवाई के दौरान आवेदिका को उसका 3 वर्ष का बच्चा उसके पति से वापस दिलाया। इस दौरान आयोग ने दोनो पक्षों को कानूनी रूप से तलाक लेने की समझाइश दी।

## पेज 11 के शेष ...

### खारुन के तीन ....

कार्य के लिए नागपुर की एसएमएस कंपनी के साथ 15 साल के लिए एग्रीमेंट हुआ है। इसमें एसटीपी का बिजली बिल नगर निगम को भुगतान करना है। तंगहाली से जूझ रहे रायपुर नगर निगम की स्थिति दुब्बर बर दू अषाढ़ की तरह हो चली है। एक तरफ फिल्टर प्लांट से जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया में हर महीने करीब 2 करोड़ 75 लाख का बिजली बिल भुगतान करना पड़ रहा है। साल में यह राशि 36 करोड़ के करीब आंकी गई है। इस राशि के भुगतान के लिए नगर निगम को हर बार सरकार के सामने हाथ फैलाने की नौबत आती रही है। भारी भरकम बिजली बिल की राशि से राहत दिलाने भाजपा शासन काल में तत्कालीन महापौर प्रमोद दुबे के कार्यकाल में क्रेडा के माध्यम से फिल्टर प्लांट और एनीकट के बिजली बिल से निजात दिलाने सोलर प्लांट के लिए प्रधानमंत्री विद्युतीकरण योजना अंतर्गत प्रस्ताव तैयार कर भेजा गया, पर मंजूरी नहीं मिल पाई। इसमें ऊर्जा विभाग से सोलर प्लांट लगाने सब्सिडी का प्रावधान था।

### पिछले साल भी शुरुआती ....

पखवाड़े से राज्य में व्यापक बारिश का दौर शुरू होता है। राज्य में मानसून अपने निर्धारित समय से पांच दिन पहले प्रदेश में आ पहुंचा था। इसके बाद रायपुर आते-आते तीन दिन विलंब हुआ और प्रदेश में अपने निर्धारित समय से पहले सक्रिय हो गया था। शुरू के दौर में कई इलाकों में अच्छी बारिश हुई थी, इससे यह प्रतीत हो रहा था कि जुलाई की शुरुआत झमाझम बारिश के साथ होगी, मगर ऐसा हुआ नहीं। पिछले साल की तरह की इस बार भी जुलाई की शुरुआत बेहद कम वर्षा के साथ हुई पहला सप्ताह सूखा-सूखा बीतने के संभावना बनी हुई है। वर्ष 2023 में इस माह के तीन दिन राज्य में सूखे जैसी स्थिति थी और इस बार केवल 37.6 मिमी. बारिश हुई है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार जुलाई के महीने में इस तरह स्थिति अक्सर बनती है और व्यापक रूप से बारिश का असर दूसरे पखवाड़े में ही नजर आता है। इस बार भी मानसून का प्रभाव उत्तरी हिस्से में नजर आया है और अच्छी बारिश के लिए द्रोणिका के मणिपुर से लौटने तक इंतजार करना होगा।

### 54 बार भारी ....

द्वारा सामान्य से अधिक वर्षा होने का अनुमान लगाया गया है और इसके लिए कुछ दिनों और इंतजार करने की संभावना है।

### 5 एकड़ शासकीय भूमि पर ....

शिकायत मुख्यमंत्री से जनदर्शन कार्यक्रम में की थी। इस शिकायत के बाद प्रशासनिक अमला हरकत में आया और मामले की जांच करने के बाद बुधवार को अवैध निर्माण को तोड़कर शासकीय भूमि को कब्जा से मुक्त कराया। **मुख्यमंत्री के निर्देश पर की गई कार्रवाई :** मुख्यमंत्री जनदर्शन में बनरसी गांव के लोगों ने शिकायत की थी कि गांव निवासी संतोष डहरिया नामक व्यक्ति ने सेजबहार के मुख्य सड़क के किनारे से लगी लगभग पांच एकड़ शासकीय जमीन पर कब्जा कर लिया है। यही नहीं, व्यक्ति ने इस जमीन को टुकड़ों में अवैध रूप से बेचना भी शुरू कर दिया है। ग्रामीणों की शिकायत पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस मामले को गंभीरता से लेकर इसकी तत्काल जांच कराकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर कलेक्टर गौरव सिंह ने एसडीएम नंदकुमार चौबे को तत्काल मामले की जांच करने की जिम्मेदारी सौंपी। एसडीएम की जांच में जमीन शासकीय पाई गई, जिसके बाद बिना देर किए जमीन को कब्जा मुक्त कराने की कार्रवाई की गई। **किसानों को मिली राहत :** शासकीय जमीन से कब्जा हटाए जाने से अब इस गांव के किसानों को भी राहत मिली है। किसानों को अपने खेतों तक जाने के लिए आसानी से रास्ता मिलेगा, जिससे किसान चालू मानसून मौसम में खेतों में फसलों की बोआई आसानी से कर पाएंगे। इसके साथ ही उन्हें अपनी कास्तकारी जमीन में आने-जाने के लिए झगड़ा-लड़ाई व मारपीट से भी मुक्ति मिल गई। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद सेजबहार गांव के निवासियों मुख्यमंत्री और प्रशासन का आभार जताया है।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) कक्ष क्रमांक-6**

**// ईश्तहार //**

ई-कोर्ट रा.मा.क्र. 202406113700001 / बी-121 / 2023-2024

रायपुर, दिनांक 01/07/2024

ग्राम- जरवाय उर्फ हीरापुर, प.ह.नं. 35, तहसील व जिला रायपुर,

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित द्वारा अध्यक्ष- श्री तेजकुमार बजाज पिता स्व. श्री चोईथराम बजाज निवासी - संत कंवरराम चौक के पास, मेन रोड़ कटोरातालाब रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम-जरवाय उर्फ हीरापुर, प.ह.नं. 35, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 3/2 रकबा 0.344 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका कहीं गुम हो गया है। जिसकी गूम होने की सूचना संबंधित थाना में दर्ज किया गया है। उक्त ऋण पुस्तिका के गुम हो जाने के कारण आवेदक को द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका की आवश्यकता है, इसलिये उक्त भूमि का द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु आवेदक के द्वारा निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 16/07/2024 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।


आज दिनांक 01/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**अतिरिक्त तहसीलदार, रायपुर छ.ग.**



**खबर संक्षेप**



## 116 श्रद्धालुओं की मौत, सिंधी पंचायत ने दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** उत्तर प्रदेश के हाथरस क्षेत्र में सत्संग के दौरान हुई घटना में 116 लोगों की मृत्यु पर छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत ने गहरा दुख व्यक्त किया है और मृतकों की आत्मा की शांति के लिए मोमबत्ती जलाकर ईश्वर से प्रार्थना की उन्हें अपने चरणों में स्थान दें। यह जानकारी पंचायत के प्रदेश प्रवक्ता सुभाष बजाज ने देते हुए बताया कि श्रद्धांजलि देने वालों में प्रदेशाध्यक्ष महेश दरयानी, मुरलीधर उदासी, महेश रोहरा, बलराम आहूजा, जीवत बजाज, प्रहलाद शादीजा, तनेश आहूजा, नथू धनवानी आदि उपस्थित थे।

## कृषि क्षेत्र के समक्ष चुनौतियों से निपटने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी आवश्यक

**रायपुर।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और धानुका एग्रीटेक लिमिटेड की ओर से रायपुर के आईजीकेवी प्रांगण में गत दिनों कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए आईसीएआर और अग्रणी कृषि-इनपुट कंपनी धानुका के विशेषज्ञों ने किसानों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी जरुरी है। इसी दौरान इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय (आईजीकेवी) के उपकुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने कहा कि, कृषि क्षेत्र की चुनौतियों के समाधान के लिए सरकार पब्लिक-प्राइवेटपार्टनरशिप को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित कर रही है। इस तरह से सहयोग से सरकारी और निजी संस्थाओं के संसाधन, विशेषज्ञता और नवीन समाधानएक ही जगह लाने में मदद मिलती है, प्रभावशीलता को बड़े स्तर पर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यशाला में मुख्य भाषण में धानुका समूह के चेयरमैन डॉ. आरजी अग्रवाल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

## एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** नगर निगम सभापति प्रमोद दुबे के नेतृत्व में कांग्रेसी पार्षदों ने शहर में विगत कुछ माह से हो रही हत्या, मारपीट, चेन स्नेचिंग, अवैध शराब बिक्री और चाकूबाजी की घटना पर रोक लगाने की मांग को लेकर एसएसपी को ज्ञापन सौंपा। 6 बिंदुओं पर सौंपे गये ज्ञापन में अपराधी तत्वों के खिलाफ धरपकड़ की कार्यवाही तेज करने और चौक-चौराहों पर असमाजिक तत्वों के जमावड़े पर रोक लगाने का आग्रह किया गया। ज्ञापन सौंपने वालों में सभापति प्रमोद दुबे, पार्षद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, एमआईसी सदस्य सतनाम पनाग, सुंदर जोगी, पार्षद उत्तम साहू, संतोष बाघमार, प्रमोद देशपांडे, मूलचंद जैन, बाकर अब्बास, मुन्ना मिश्रा, जल क्षत्री सहित गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

# मादक पदार्थों पर निजात अभियान से अंकुश, रेप, छेड़खानी, चाकूबाजी में गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

गंभीर किस्म के अपराध का कारण मादक पदार्थों का सेवन तथा उसका अवैध कारोबार है। राजधानी पुलिस निजात अभियान चलाते हुए मादक पदार्थों की अवैध खरीदी बिक्री रोकने के साथ प्रतिबंधित मादक पदार्थों का सेवन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

इसका असर क्राइम के ग्राफ पर देखने को मिल रहा है। मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की वजह से पुलिस अफसरों ने पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष रेप, छेड़खानी, चाकूबाजी सहित अन्य गंभीर किस्म के अपराध में कमी आने का दावा किया है। पुलिस द्वारा जारी बयान के मुताबिक मादक पदार्थों की अवैध खरीद-बिक्री पर रोक लगाने से पिछले पांच माह में चाकूबाजी की घटना में 40, रेप की घटना में 10, छेड़खानी में 23, मारपीट में चार, हत्या तथा हत्या की कोशिश में 15 तथा चोरी की घटना में चार प्रतिशत कमी आने का दावा किया है।

पुलिस अफसरों के मुताबिक आबकारी एक्ट तथा एनडीपीए एक्ट के तहत 3 हजार 682 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में 451 लोगों के खिलाफ गैर जमानतीय अपराध दर्ज किया गया है। साथ ही पुलिस थानों में नशे के आदी लोगों की काउंसिलिंग करा कर नशा से मुक्त कराने का कार्य कर रही है। एसएसपी संतोष सिंह के मुताबिक कुल दर्ज अपराधों में बढ़ोतरी हुई है, जो कि मुख्यतः एनडीपीएस और आबकारी में बढ़ी एफआईआर है।

- चाकूबाजी में 40, रेप, छेड़खानी में 33 प्रतिशत गिरावट होने का दावा
- पहली दफा एक हजार से ज्यादा ड्रंक एंड ड्राइव को लेकर पुलिस ने दर्ज किया अपराध




### पांच महीने में इतने मादक पदार्थों की जब्ती

पुलिस के अनुसार फरवरी से जून के बीच 12 सौ किलो से ज्यादा प्रतिबंधित मादक पदार्थ गांजा सहित अन्य घातक किस्म के मादक पदार्थों की जब्ती की गई है। साथ ही पुलिस ने साढ़े छह हजार लीटर शराब जब्त की है। पुलिस ने अपने अभियान में पांच महीने में 1134 लोगों के खिलाफ ड्रंक एंड ड्राइव का केस दर्ज किया है। सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वाले 1364 लोगों के खिलाफ पुलिस ने कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पिछले वर्ष पुलिस ने कुल 30 लोगों के खिलाफ कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई की थी।

### स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए 7 जुलाई के बाद कभी भी शहर आ सकती है केन्द्रीय टीम

# पब्लिक फीडबैक तय करेगा शहर की सफाई का पैमाना, नागरिकों से हो सकते हैं सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

इस बार पब्लिक फीडबैक तय करेगा, शहर कितना साफ है। शहर की सफाई को लेकर दिये गये आम जनता के फीडबैक को शहरी सरकार खास तवज्जो देगी। स्वच्छता सर्वेक्षण के संबंध में महापौर एजाज ढेबर ने बुधवार को गांधी सदन में निगम आयुक्त सहित पक्ष-विपक्ष के पार्षदों के साथ बैठक की। इसमें उन्होंने साफ तौर पर कहा कि शहर की सफाई को लेकर पब्लिक फीडबैक सबसे ज्यादा अहम रहेगा। श्री ढेबर ने स्वच्छता के लिए शहर में चल रही रामकी की गाड़ियों में भी पब्लिक फीडबैक को जरूरी बताया है। यही नहीं, वार्डो में स्वच्छता को लेकर प्रतिस्पर्धा का भी सुझाव आया है।

दरअसल, देशव्यापी स्वच्छता सर्वेक्षण के सिलसिले में दिल्ली से केन्द्रीय टीम 7 जुलाई के बाद रायपुर शहर आ सकती है। शहरी सरकार ने रायपुर शहर को देश के टॉप टेन स्वच्छ शहर में स्थान दिलाने जोर-शोर से तैयारियां शुरू कर दी हैं। 9500 अंकों के साथ होने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण में इस बार पब्लिक फीडबैक पर ज्यादा फोकस किया जा रहा है। इसमें 25 अलग-अलग बिंदुओं पर लोगों से सीधे मोबाइल पर कॉल कर या फील्ड एसेसमेंट के माध्यम से फीडबैक लिया जा सकता है। पिछली बार के स्वच्छता सर्वेक्षण में रायपुर शहर की सफाई को लेकर पब्लिक फीडबैक श्रेणी में केवल 80.27 फीसदी अंक ही मिल पाए। इसके कारण रायपुर शहर की स्वच्छता सर्वेक्षण में रैंकिंग फिसलकर 11वें स्थान पर रही। देश के 4,447 शहरों के बीच हो रहे स्वच्छता के देशव्यापी सर्वेक्षण में कुल 9500 अंक रखे गये हैं। इसमें सर्विस लेवल प्रोवाइड पर 5705 अंक, सर्टिफिकेशन पर 2500 अंक और जन आंदोलन इंगेजमेंट या पब्लिक फीडबैक श्रेणी में 1295 अंक मिलेंगे। देश व्यापी स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर शहर ने देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में धाक बना रखी है।

**महापौर ने आयुक्त सहित पक्ष-विपक्ष के पार्षदों के साथ बैठक की, पब्लिक फीडबैक पर दिया जोर**

### सफाई ठेकेदारों से बात करने की जरूरत : मीनल चौबे

नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने सुझाव दिया कि स्वच्छता के संबंध में जो बातें हो रही हैं, उसे अमल में लाने के लिए सफाई ठेकेदारों से बात की जानी चाहिए। स्वच्छ भारत मिशन के तहत केन्द्र सरकार की ओर से जो राशि नगर निगम को दी जाती है, उस राशि का पूरा-पूरा उपयोग हो। मीनल चौबे ने सुझाव दिया कि स्वच्छता सर्वेक्षण में रैंकिंग सुधारने वार्डों के भीतरी और मुख्य मार्ग की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाये। सभी वार्डों में तत्काल डस्टबिन वितरण करने की जरूरत है।



### पार्षदों की बैठक बुलाएं : सूर्यकांत राठौर

पूर्व नेता प्रतिपक्ष सूर्यकांत राठौर ने सुझाव दिया कि 70 वार्ड के पार्षदों को स्वच्छता सर्वेक्षण में शामिल करने एक बैठक रखी जाये। इसमें सभी से अपील करें कि वह अपने वार्ड के स्वच्छता की समीक्षा स्वयं करे। पार्षद मृत्युंजय दुबे ने कहा कि वार्ड में मुक्कड़ नहीं होना चाहिए। सभी मुख्य मार्ग पर डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन के संबंध में नियम अनुसार सख्ती बरती जाये। बैठक में स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष नागभूषण राव, उपनेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा, एमआईसी सदस्य सुंदर जोगी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष सूर्यकांत राठौर, अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी रघुमणि प्रधान, सहायक नोडल अधिकारी योगेश कड़ू उपस्थित रहे।

### वार्डों में स्वच्छता को लेकर होगी प्रतियोगिता

गांधी सदन में स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर बुलाई गई बैठक में शहर के 70 वार्डों में स्वच्छता को लेकर प्रतिस्पर्धा का सुझाव सामने आया। महापौर एजाज ढेबर ने निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा को सुझाव दिया है कि सभी वार्डों में स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर प्रतिस्पर्धा कराने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि सभी जोन में स्वच्छता एंबेसेडर की संख्या 150 है, पिछली बार के स्वच्छता सर्वेक्षण में इनकी अहम भूमिका रही। महापौर ने सुझाव दिया कि वार्डों के साथ बाजारों तालाबों, स्कूल-कालेज सभी स्थानों में स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर प्रतिस्पर्धा कराने की आवश्यकता है। इससे लोगों में शहर को स्वच्छ बनाने का भाव जागृत होगा।

**यहां से प्राइवेट स्कूल ले जा सकेंगे पुस्तकें**

# डंप हुई किताबें तो शासन ने प्रत्येक जिले में खोले डिपो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

निजी स्कूलों को शैक्षणिक सत्र 2024-25 से उनके जिलों में ही पाठ्य पुस्तक निगम की निशुल्क किताबें उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके पूर्व तक पूरे प्रदेश में मात्र 7 बुक डिपो ही थे। निजी स्कूलों को इन जिलों में स्थित बुक डिपो से ही किताबें अपने विद्यालयों के लिए लेकर जानी होती थी। कई निजी विद्यालय ऐसे हैं, जहां छात्र संख्या अत्यंत अल्प है। कुछ छात्रों के लिए ही किताबें लाने के लिए निजी स्कूलों द्वारा लंबी दूरी तय नहीं की जाती थी। इसके कारण किताबें संबंधित डिपो में ही डंप पड़ी रहती थीं। कई वर्षों तक यही स्थिति बनी रही।

इस वर्ष भी निजी स्कूलों ने मांग की थी कि प्रत्येक जिले में एक डिपो बनाया जाए, जहां से वे किताबें ला सकें। जून में जब किताब वितरण प्रारंभ हुआ, तब इस तरह की व्यवस्था नहीं की गई थी। इसके बाद निजी स्कूलों ने डिपो से किताबें उठाने से ही इनकार कर दिया। इसे देखते हुए नया बंदोबस्त किया गया है। अब तक जिन सात जिलों में बुक डिपो थे, उनमें राजधानी रायपुर सहित राजनांदगांव, जगदलपुर, अंबिकापुर, जांजगीर, कोरबा, बिलासपुर शामिल रहे हैं।

**निजी स्कूलों ने इस बार किताबें ले जाने से कर दिया था इनकार**



### शासकीय विद्यालयों के लिए पहले से ही व्यवस्था

शासकीय विद्यालयों के लिए किताबें संकुल स्तर पर उपलब्ध कराई जाती हैं। यहां से स्कूल पुस्तकें लेकर जाते हैं। प्रारंभ से ही यह व्यवस्था है। अधिकतर शासकीय विद्यालयों तक किताबें पहुंचाई जा चुकी हैं। शाला प्रवेशोत्सव के साथ ही यहां छात्रों को किताब वितरण प्रारंभ हो गया है। रायपुर जिले के 80 फीसदी स्कूल किताबें ले जा चुके हैं। हिंदी माध्यम की किताबों का वितरण मठपुरैना स्थित शासकीय विद्यालय में किया जा रहा है, जबकि इंग्लिश माध्यम किताबों का वितरण भाठागांव स्थित विद्यालय से किया जा रहा है।

### कोविड के बाद से बंद

पूर्व में भी इस तरह की व्यवस्था थी, लेकिन कोविड के बाद से निजी स्कूलों को मिलने वाली यह सुविधा बंद कर दी गई। दोबारा इसके प्रारंभ किए जाने से हमें सुविधा होगी।

- **राजीव गुप्ता,** अध्यक्ष, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन

# एमएससी नर्सिंग की पढ़ाई महंगी, अच्छे कालेज में देने होंगे 96 हजार तक सालाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आगामी शिक्षण सत्र के दौरान एमएससी नर्सिंग के पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को इसके लिए अधिक पैसे खर्च करने होंगे। फीस विनियामक समिति की अनुशंसा के आधार पर अच्छी श्रेणी के नर्सिंग कालेज में इसके लिए 96 हजार रुपए तक खर्च करना होगा। इसके साथ पोस्ट बेसिक नर्सिंग की फीस का भी निर्धारण किया गया है, जिसमें पिछले साल की तुलना में तीन हजार रुपए तक की कमी आने का अनुमान है।

जानकारी के अनुसार चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा नर्सिंग कालेजों में संचालित एमएससी नर्सिंग की पढ़ाई के लिए फीस का अंतिम निर्धारण मान्य किया गया है। इसके अनुसार एमएससी नर्सिंग की पढ़ाई के लिए छात्रों को अब ज्यादा पैसे खर्च करने होंगे। सूत्रों के अनुसार पिछले साल तक इसके लिए 54 से 59 हजार के बीच कालेजों की श्रेणी के हिसाब से शुल्क देय होता था। शिक्षण सत्र 2024-25 एवं 2025-26 में साधारण कालेजों 92 हजार 111 अच्छा कालेज के लिए 93 से 96 हजार रुपए प्रतिवर्ष की फीस जमा करनी होगी।

इसके साथ ही चिकित्सा शिक्षा विभाग ने पोस्ट बेसिक नर्सिंग के लिए भी फीस निर्धारित किया है, जिसमें छात्रों को थोड़ी राहत मिलने की संभावना है। पूर्व में इस पाठ्यक्रम के लिए 54 से 58 हजार रुपए का खर्च आता था, अब इसके लिए कालेजों की श्रेणी के हिसाब से 48 से 60 हजार रुपए तक की फीस निर्धारित की गई है।



- पोस्ट बेसिक नर्सिंग की फीस भी निर्धारित,तीन हजार रुपए तक कम

# ट्रेनों में बढ़ेंगे जनरल और स्लीपर कोच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

ट्रेनों में बढ़ती भीड़ और आरामदायक सफर में होने वाली परेशानी को देखते हुए रेल प्रशासन ने ट्रेनों में जनरल और स्लीपर कोच की संख्या बढ़ाने का बड़ा फैसला लिया है। विभिन्न रूट पर चलने वाली लंबी दूरी की 14 ट्रेनों में यात्री कोच की संख्या में इजाफा होगा।

माना जा रहा है कि कोच संरचना में संशोधन के तहत अतिरिक्त स्लीपर कोच जुड़ने से ज्यादा यात्रियों को कन्फ़र्म बर्थ के साथ यात्रा करने की सुविधा मिलेगी। जनरल कोच जुड़ने से सामान्य कोच में यात्रियों की भीड़ का दबाव कम होगा। इस संशोधन की वजह से कोरबा-अमृतसर के बीच आवाजाही करने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में दो अतिरिक्त जनरल एवं एक स्लीपर कोच जुड़ेगा।

इसके बाद इस ट्रेन में 4 जनरल व 6 स्लीपर कोच होंगे। बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस 4 नवंबर से एक अतिरिक्त जनरल और स्लीपर कोच के साथ आवाजाही करेगी। इसके अलावा बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस, बिलासपुर-चेन्नई एक्सप्रेस में दो अतिरिक्त जनरल एवं एक स्लीपर कोच जुड़ेंगे। बिलासपुर-पुणे एक्सप्रेस में में भी दो अतिरिक्त जनरल और एक स्लीपर कोच लगेगा। बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस, बिलासपुर-एर्णाकुलम एक्सप्रेस, दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस, दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस, दुर्ग-कानपुर एक्सप्रेस में एक जनरल और एक स्लीपर कोच लगेगा। रूट बदलकर चलने वाली दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस, दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस में एक तथा दुर्ग-निज़ामुद्दीन संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, दुर्ग-मेजर कप्तान तुषार महाजन एक्सप्रेस में दो अतिरिक्त जनरल कोच जोड़े जाएंगे।



- लंबी दूरी की 14 ट्रेनों में बढ़ेंगे यात्री कोच

### दो फेरों की रथयात्रा स्पेशल ट्रेन

रथ यात्रा के दौरान ट्रेनों में होने वाली अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए रायपुर एवं पुरी के मध्य 2 फेरों के लिए अनारक्षित रथ यात्रा स्पेशल ट्रेन की सुविधा दी जा रही है। 18 कोच वाली यह ट्रेन रायपुर से 08383 नंबर के साथ 6 एवं 14 जुलाई को प्रातः 6 बजे रवाना होकर रात्रि 11 बजे पुरी पहुंचेगी। पुरी से 08384 नंबर के साथ 8 एवं 16 जुलाई को मध्य रात्रि 2.45 बजे रवाना होकर शाम चार बजे रायपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन रूट के सभी छोटे बड़े स्टेशन पर रुकेगी।

# तूता में क्रेडा कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य के क्रेडा कर्मचारी नौकरी के अनुबंध पत्र बनाये जाने के विरोध में तूता स्थित धरना स्थल पर अनिश्चतकालीन धरने पर बैठ गये हैं। गुरुवार को लामबंद कर्मचारी कलेक्टर जनदर्शन में अपनी समस्या को लेकर गुहार लगाएंगे। भूपेन्द्र साहू के नेतृत्व में क्रेडा कर्मचारी धरना दे रहे हैं।

धरना प्रदर्शन को समर्थन देने पहुंचे कर्मचारी नेता विजय कुमार झा एवं क्रेडा कर्मचारी संघ अध्यक्ष भूपेंद्र साहू ने कहा कि बरसते पानी में शहर से 18 किलोमीटर दूर रोजी-रोटी के लिए धरना प्रारंभ किया गया है। राज्य में पूववर्ती कांग्रेस सरकार के समय भूपेश बघेल सरकार द्वारा बूढ़ातालाब स्थित धरना स्थल को स्थानांतरित कर शहर से 18 किलोमीटर दूर तूता में तय कर दिया गया। तत्कालीन कांग्रेस सरकार के विरोध में वर्तमान में भाजपा के वरिष्ठ नेता मंत्री तूता धरना स्थल जाकर कर्मचारियों के आंदोलन को संबोधित करते हुए तूता धरना स्थल का विरोध करते थे। अब समय आ गया है कि सरकार बनने के बाद कर्मचारियों से वादा को पूरा किया जाए। नेता द्वय ने कहा है कि भाठागांव के नया बसस्टैंड में आए दिन मारपीट गुण्डा गर्दी होती है।



**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

**बिजनेस साइट**

# गुडविल हॉस्पिटल में हुई आहार चिकित्सा व्यंजन और सलाद डेकोरेशन प्रतियोगिता

**रायपुर।** गुडविल हॉस्पिटल में आहार चिकित्सा विभाग के द्वारा आहार चिकित्सा के व्यंजन और सलाद डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में इंटर्न डायटीशियन और वर्किंग नर्सों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये पौष्टिक और चिकित्सा में उपयोगी आहार रेसिपी को बना कर प्रदर्शित किया गया। आहार व्यंजन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार विजेता श्रेया और आरती , द्वितीय पुरस्कार श्रुति और मौसमी को मिला। सलाद डेकोरेशन में प्रथम पुरस्कार साक्षी और ज्योति, द्वितीय पुरस्कार गीतिका और कुंजलता को मिला। गुडविल हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ सत्यजीत साहू और आचार्य अनिमेषानंद अवधुत के मुख्य आतिथ्य में पुरस्कार वितरण किया गया।



### छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन चुनाव में विजयी पदाधिकारियों की आभार रैली निकली

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के हाल ही में संपन्न चुनाव में विजयी पदाधिकारियों की विजय एवं आभार रैली मंगलवार को शाम पांच बजे कोतवाली चौक से प्रारंभ होकर सत्तीबाजार होते हुए एडवर्ड रोड हलवाई लैन होते हुए महावीर भवन सदर बाजार में संपन्न हुई। इस अवसर पर सराफा संगठनों एवं मेढक्षत्रिय स्वर्णकार समाज द्वारा छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी कमल सोनी, हर्षवर्धन जैन का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का भव्य स्वागत फूलों की बौछार और पटाखों के साथ बड़ी धूम-धाम से सहेली ज्वेलर्स की तरफ से संचालक सुनील जैन व सुमित जैन के द्वारा सहेली ज्वेलर्स के रायपुर सदर बाजार स्थित शोरूम में किया गया।



### सूत्रा के राखी तीज स्पेशल प्रदर्शनी का आयोजन कल से

**रायपुर।** इस सीज़न में सूत्रा 5, 6 और 7 जुलाई को रायपुर में द ट्राइटन बाय श्यामा होटल्स एंड रिसॉर्ट्स में एक राखी तीज विशेष प्रदर्शनी का आयोजन कर रहा है, जो इसे उन सभी फैशन प्रेमियों के लिए एक जरूरी जगह बनाता है जो सर्वश्रेष्ठ ग्रीष्मकालीन संग्रह का आनंद लेना चाहते हैं। सुत्रा ट्रेंडिंग फैशन और नवीनतम डिज़ाइनर कलेक्शन लाकर प्रतिष्ठित आयोजक बना हुआ है जो आपकी सभी ज़रूरतों के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन बनाती है। चाहे वह पोशाकें हों, बढ़िया आभूषण हों, जूते हों, क्लच हों या मैच बनाने वाली सहायक वस्तुएं हों। सूत्रा आपके लिए संपूर्ण अवधि निर्धारित करते हैं। बता दें कि सूत्रा फैशन प्रदर्शनी पूरे भारत के प्रतिभाशाली भारतीय फैशन डिजाइनरों के लिए प्रीमियम ग्राहकों के सामने अपने डिजाइन प्रदर्शित करने का एक मंच है। जहां प्रतिभाशाली डिजाइनरों का भारतीय और पश्चिमी परिधान, आभूषण, जूते इत्यादि शामिल हैं।

sutraa
Indian-Fashion-Exhibition



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 4 जुलाई 2024

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



02



18 माह में 11 बच्चों को मिले माता-पिता...


## लाइव इवेंट

### जीव सृष्टि को बचाए रखने जरूरी है प्लास्टिक का त्याग



**रायपुर।** स्पर्श सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थान द्वारा 'अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस' पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य विषय 'सिंगल यूज प्लास्टिक' रहा। इस अवसर पर सिंगल यूज प्लास्टिक से पर्यावरण के नुकसान की जानकारी दी गई। वहीं टिकाऊ विकल्पों के उपयोग के लिए शहरवासियों को प्रोत्साहित किया गया। वक्ताओं ने जानकारी देते हुए कहा, पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रदेश में सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन लगाया गया है, लेकिन अभी भी लोगों में जागरुकता की कमी नजर आ रही है।

#### विकल्प के रूप में कई पदार्थ

संस्थान के अध्यक्ष डॉ.पुरुषोत्तम ने अपने संबोधन में कहा, प्रत्येक वर्ष 3 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है। पृथ्वी पर मानव अस्तित्व और जीव सृष्टि को बचाना है तो प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद करना होगा। प्लास्टिक के अलावा अन्य पदार्थ का अनुकरण करके पर्यावरण की रक्षा की जानी चाहिए। इसके लिए कपड़े व कागज की थैलियों को उपयोग में लाना चाहिए। वर्तमान समय में व्यक्ति प्रकृति को नुकसान पहुंचा रहे। अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान हेल्थ इंपैक्ट इंस्टिट्यूट की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2021 में 81 लाख मृत्यु वायु प्रदूषण के कारण हुई थी। वहीं भारत में 21 लाख और चीन में 23 लाख मौत का कारण वायु प्रदूषण है।

## एजूकेशन अपडेट

### श्रमिकों के मेधावी बच्चे आज होंगे पुरस्कृत, स्कूटी खरीदने 1 लाख

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज पंजीकृत श्रमिकों के मेधावी बच्चों को दो-दो लाख रूपए की राशि का चेक प्रदान करेंगे। इसमें मुख्यमंत्री नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि एक लाख रूपए तथा स्कूटी क्रय के लिए दी जाने वाली एक लाख रूपए का चेक शामिल है। मुख्यमंत्री अपने निवास कार्यालय में श्रम विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के 13 बच्चों को दो-दो लाख रूपए का चेक प्रदाय करेंगे। इसमें एक लाख रूपए का चेक स्कूटी खरीदी के लिए बच्चों को दिया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।




#### 10वीं-12वीं की मेरिट लिस्ट में रहे थे शामिल

गौरतलब है कि इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों के बच्चे जो छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10वीं-12वीं की परीक्षा में टॉप-10 में शामिल रहे हैं, उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है। इनमें कक्षा 10वीं में गरियाबंद जिले से होनिशा, महासमुंद जिले से डेनिसा, रायगढ़ जिले से बबीता एवं उमा, सूरजपुर जिले से आयुष कुमार, बलरामपुर जिले से अंशिका, जशपुर जिले से मीना यादव, राजनांदगांव जिले से वंशिका, बालोद जिले से तोषण, खोमेन्द्र, पद्मनि, जिज्ञासा एवं कांकेर जिले से कक्षा 12वीं की छात्रा वीदेका का नाम शामिल है।

## कैंपस इवेंट

### उचित आकार के गड्ढे खोदकर वृक्षारोपण, सुरक्षा का संकल्प



**रायपुर।** विद्यालयों में वृक्षारोपण महाभियान चल रहा है। एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत स्व. श्री आशाराम डहरिया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर छछानपैरी में पौधारोपण किया गया। पौधारोपण के लिए उचित मापदंड के गड्ढे कराकर आवश्यक मात्रा में मिट्टी एवं खाद की स्थानीय स्तर पर व्यवस्था की गई। प्राचार्य, शिक्षक, पालक एवं छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर में आंवला, करौंदा, अमरुद, नीम, करंज, गुलमोहर, पपीता, मुनगा आदि पौधे रोपित किए गए। डॉ. लूनेश कुमार वर्मा और तुलसी तरुण सोनवानी के मार्गदर्शन में पौधारोपण संपन्न हुआ। इसके साथ ही प्राचार्य, शिक्षक,पालक एवं छात्र-छात्राओं ने पौधों को सुरक्षित रखने शपथ ली।

#### 150 से अधिक छायादार पौधों का रोपण

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राखी में भी पौधारोपण किया गया। स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने इसकी शुरुआत की। उन्होंने ग्राम राखी के पंचायत प्रतिनिधि व छात्र-छात्राओं के साथ 150 से अधिक छायादार पौधों का रोपण किया। पौधारोपण से पहले सचिव ने सभी छात्र-छात्राओं एवं पालकों को शपथ दिलाई कि उनके द्वारा लगाए गए पौधे का वृक्ष बनते तक पालन-पोषण करेंगे तथा उनकी सुरक्षा भी करेंगे।

---

## पॉश कॉलोनियों में बिखर रही हरियाली, छत पर गार्डनिंग का बढ़ रहा क्रेज

# टेरेस पर संवर रहे गार्डन, सब्जियों संग फल-फूल की क्यारियां शिव पूजन के लिए धतूरा-कनेर सहित बेल व शमी वृक्ष

महानगर का रूप लेते जा रहे शहर में एक-एक फीट करके रोज जमीन बिक रही है। इनको खरीदने वालों के पास भी जगह सीमित है। इसे देखते हुए प्रकृति प्रेमी अपना टेरेस गार्डन संवारने लगे हैं। गार्डन में फल व सब्जियों के साथ शिव आराधना के लिए जरुरी कनेल और धतूरा भी है। हरियाली के बीच दिन का स्वागत करने की चाहत रखने वाले प्रकृति प्रेमी सुबह और शाम को टेरेस में ही टहलते हैं। कई लोग ऐसे हैं, जो चाय की पहली घूंट टेरेस गार्डन में ही लेते हैं और फिर देखभाल भी स्वयं करते हैं।

**रायपुर।** शहर की पॉश कॉलोनियों व नई बसाहट के बीच अब टेरेस गार्डन कल्चर तेजी से बढ़ रहा है। छत पर बगीचा बनाने और मकान को ठंडा रखने के लिए गार्डनिंग की ओर लोग बढ़ रहे हैं। प्रकृति से जुड़े रहने की चाहत रखने वाले लोगों का मत है कि सूर्योदय से पहले उठने और टेरेस गार्डन में चाय पीने का अलग मजा है। इसके बाद पौधों की साफ-सफाई करने व पानी देने के बाद घर-परिवार के दूसरे जरूरी काम करते हैं। शाम को खाली समय में छत पर गार्डन की देख-भाल करने में समय बिताते हैं। गार्डनिंग से जुड़े लोगों के इस शौक का फायदा परिवार को भी मिलता है, क्योंकि लोग साग-भाजी लगाने लगे हैं। अपने छत पर बगीचा बनाकर लोग पर्यावरण की मदद भी कर रहे हैं।



### छत को बगीचे जैसा ही लुक

रानी मिश्रा ने अपने सुन्दर नगर स्थित मकान के टेरेस को गमलों से सजा रखा है। अपने गार्डन को 24 घंटे व सातों दिन हरा-भरा रखने के लिए इनकी देखभाल में ही अपना अतिरिक्त समय बिताती हैं। छत को बगीचे जैसा ही लुक दिया है। वे मानती हैं, प्रकृति की सेवा करने के लिए गार्डनिंग से भी जुड़ सकते हैं। कहती हैं प्रकृति मनुष्य की अच्छी दोस्त है। इनकी देखभाल करने से किसी न किसी रुप में फायदा मिलता है। साग-भाजी, फल व फूल भी घर में मिल जाते हैं। पूजा के लिए आसानी से जरूरी फूल भी मिलता है। इन्हें पानी देने व सफाई करने, मिट्टी व खाद डालने से एक्सरसाइज होती है। घर में सब्जी व फूल होने से पैसों की भी बचत होती है। सबसे बड़ा फायदा इनकी देखभाल अकेले भी कर सकते हैं।



### मानसिक राहत

टेरेस गार्डन संवारने वालों का मत है कि पौधों की देख-भाल करने से व्यायाम भी होता है। अपने बगीचे को बनाए रखने में हम जितना प्रयास करते हैं, उससे हमें खुद को फिट और सक्रिय रहने में मदद मिलती है। अपने पौधों की देखभाल करना, उन्हें पानी देना और अन्य गतिविधियां शारीर को सक्रिय रखती हैं। इससे रोजमर्रा के उबाऊ व्यायाम व दिनचर्या से दूरी भी बनती है। एक बार जब छत पर बगीचा बनाने के बारे में अपना मन बनाने के बाद फिर दूसरा कोई काम अच्छा भी नहीं लगता है।

### तुमा, सेमी, तरोई कद्दू की बहार

विजय मिश्रा ने आंगन में कृष्णवट व दुर्लभ पौधों के साथ सब्जियों को लगा रखा है। टेरेस पर गुड़हल, धतूरा, कनेर के भी कई पौधे इनके पास हैं। तुमा, सेमी, तरोई, कद्दू की बहार छत पर देखते बनती है। प्रकृति संरक्षण पर विशेष काम किया है। गार्डन में थर्मोकोल के अनुपयोगी डिब्बों में छत्तीसगढ़ का सर्वप्रिय खेड़ा, अरबी और मिर्ची भी लगा रखा है। छत्तीसगढ़ का महापर्व कमरछठ पर बिना हल चलाए उपजे भाजियों, मिर्ची का ही उपयोग होता होता है। तब कमरछठ उपवास रखने वाली महिलाएं पूजा सामग्री लेने आती हैं। पितृपक्ष में छत्तीसगढ़ में अपने पुरखों को तरोई की पत्तियों पर भोग लगाने का रिवाज है, इसलिए तरोई के पत्ते की मांग रहती है।





### टेरेस में सजा लिए 310 गमले

शिव विहार में रहने वाली पूर्णिमा बताती हैं कि पौधों की देखभाल करने वाले लोगों को प्रकृति दुनिया के सभी तनाव और अराजकता से अलग रखती है। अपना खुद का टेरेस गार्डन होने का मतलब है हर समय अपने शांतिपूर्ण कोने तक पहुंच पाना। पहले ब्राह्मण पारा में रहना होता था। वहां भी टेरेस गार्डन संवारने में ही खाली समय बिताती थी। 10 साल पूर्व चंगोराभाठा में शिफ्ट हो गई। अभी गार्डन में 310 गमले हैं, जिनमें चीकू, अंजीर, बेर, अनार, आंवला, अंगूर ही नहीं, बल्कि कई तरह की भाजी भी है। उन्होंने बताया कि सूर्योदय से पहले छत पर चाय की कप लेकर पहुंचने के बाद पौधों की सफाई व पानी देने के बाद परिवार की जिम्मेदारी शुरू करती हूं।

---

# पुराने गीतों पर देर रात तक झूमते रहे श्रोता कोलकाता के गायकों ने छेड़ी सुरीली तान

**रायपुर।** कालीबाड़ी परिसर में संगीत संध्या का आयोजन किया गया। यहां सारेगामा ग्रुप के कोलकाता कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी गई।छत्तीसगढ़ रियल इस्टेट द्वारा इसका आयोजन किया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि स्वरुप उपस्थित रहे। संगीत संध्या संग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री द्वारा कालीबाड़ी परिसर स्थित मंदिर में आरती के साथ की गई। जहां कालीबाड़ी परिसर के सदस्यगण एवं समारोह में सदस्य उपस्थित रहे।





विधायक मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा एवं पूर्व विधायक देवजी पटेल भी उपस्थित रहे। संगीत संध्या में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने पुराने गानों का आनंद लिया। कई पुराने गानों की पुनः प्रस्तुति की मांग भी उनके द्वारा की गई। कोलकाता से आए कलाकारों की आवाज ने देर रात तक समां बांधे रखा।

### लगातार 2 घंटों तक प्रस्तुति



कलाकारों की समूह ने एक के बाद एक लोकप्रिय गानों की प्रस्तुति दी, जिसमें लोगों की पसंद पुराने गाने रहे। जिसका संचालक संगीतकार एनडी चक्रवर्ती ग्रुप के सदस्य कर रहे थे, जिन्होंने लगातार 2 घंटे मनमोहक गीत की प्रस्तुति दी। समारोह के दौरान कोलकाता के कलाकारों द्वारा रंगारंग संगीत संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां सा रे गा मा ग्रुप के सदस्यों ने शानदार प्रस्तुति की। नाम गुम जाएगा...गीत से संगीत संध्या की शुरुआत की गई। जिसे लोगों ने खूब पसंद किया। देर रात तक आयोजित संगीतमयी कार्यक्रम में पुराने गीतों की धुन सुनने को मिली, जहां दर्शकों के बीच पुराने सुपरहिट फिल्मों की प्रस्तुति दी गई।

# खेल पुरुस्कार के लिए अब अर्जी 10 जुलाई तक

**रायपुर।** प्रदेश के प्रतिभावान खिलाड़ी व प्रशिक्षक खेल पुरस्कार के लिए 10 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे। खेल एवं युवा कल्याण द्वारा वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 के लिए विभिन्न श्रेणी के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिसकी तिथि 30 जून थी। शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, शहीद पंकज विक्रम सम्मान एवं शहीद विनोद चौबे सम्मान, मुख्यमंत्री ट्रॉफी, इत्यादि के लिए कार्यालयीन समय में आवेदन कर सकते हैं। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक प्रवेश जोशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। यह पुरस्कार राज्य के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को प्रदान किए जाते हैं। राज्य खेल अलंकरण के अंतर्गत सीनियर वर्ग के ऐसे खिलाड़ियों को शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है, जिनके द्वारा राष्ट्रीय चौंपियनशिप में या राष्ट्रीय खेलों में कोई पदक प्राप्त किया गया हो या अधिकृत अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया गया हो। अन्य पुरस्कारों के लिए भी योग्यता निर्धारित है।

---

## कटहल दिवस आज : 2016 से हुई थी इसकी शुरुआत

# जगदलपुर से शहर के बाजार में पहुंचती है कटहल की खेप सरायपाली संग बसना से भी आती है इस सब्जी की फसल

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** समय के साथ नए-नए दिवस का क्रेज बाजार में देखने को मिलने लगा है। किसी खास मौसम में मिलने वाले फलों व सब्जियों का भी अब लोग दिवस मनाने लगे हैं। इसे लोग मनोरंजक और आकर्षक तरीकों से मनाते हैं। इसमें से एक कटहल दिवस है। 4 जुलाई को मनाए जाने वाले कटहल दिवस की शुरुआत 2016 में कटहल के कई उपयोगों के बारे में लोगों को बताने के लिए की गई थी, जिसमें स्वादिष्ट व्यंजनों में इसकी भूमिका से लेकर इसके कच्चे बनावट के कारण मांस के विकल्प के रूप में इसकी क्षमता तक शामिल है। इससे करी वाली सब्जी से लेकर मिठाइयां तक लोग बनाते हैं। कटहल की नई-नई रेसिपी बनाना भी सोशल साइट के जरिए लोग सिखते हैं। मित्रों और परिवार के साथ भोजन भी साझा करते हैं। यही वजह है कि गर्मी में पहली खेप आते ही यह हाथों-हाथ बिक जाती है। कारोबारियों ने मुताबिक, बुधवार को बाजारों में कटहल 40 से 50 रुपए किलो की दर में बिकी। यह अन्य सब्जियों की तरह कभी भी अत्यधिक सस्ती नहीं होती है। इसके बाद भी इसके शौकीनों की कमी नहीं है।

### बारिश में बढ़ जाती है मांग

थोक व फुटकर सब्जी बिक्रेताओं ने बताया कि वैसे तो बिसम और जगदलपुर से आने वाले कटहल को ही लोग ज्यादा पसंद करते हैं। वजह यह है कि वहां से आने वाले कटहल का ऊपरी हिस्सा हल्का ब्राउन होता है। इससे जल्दी खराब नहीं होता है। अजीज खान ने बताया कि कई लोग कटहल को तलकर पकाने के बाद ही खाना पसंद करते हैं। इससे सब्जी ही नहीं अलग-अलग तरह के व्यंजन भी पकाते हैं। बारिश में कटहल खाने वाले शौकीनों की मांग ज्यादा रहती है। सरायपाली व बसना से भी कटहल की नई खेप आने लगी है।



### जगदलपुर के कटहल की खरीदी अधिक

व्यापारी दीपक पटेल बताते हैं कि कटहल दिवस का उद्धेश्य कटहल की विविध पाक संभावनाओं को बेहतर करना और बाजार में मांसाहार का विकल्प तैयार करना भी रहा है। इस वजह से मौसमी सब्जी कटहल की खपत बढ़ी है। बाजार में अभी लोग इसलिए भी कटहल खरीद रहे हैं, क्योंकि अब अचार व सब्जी ही नहीं मिठाई बनाने के लिए भी कम रेट में मिलने लगा है। कारोबारी कौशल कुमार ने बताया कि दुर्ग के रवेली, बसना के साथ ही जगदलपुर से आने वाले कटहल को भी लोग खरीदना पसंद करते हैं। उत्तर भारतीय परिवार के लोग इसका अचार भी बनाते हैं। इसके साथ ही सब्जी के रुप में भी सबसे ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। इसके चलते इस मौसमी सब्जी की खपत अब बाजार में बढ़ने लगी है। थोक बाजार में इसकी कीमत 25 से 30 रुपए किलो तक है।

कैंपस लाइव

## गैर-पारंपरिक कॅरियर विकल्पों की खोज करें स्कूली विद्यार्थी



रायपुर। जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों के लिए पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 8वीं से 12वीं के छात्रों के लिए गैर पारंपरिक कॅरियर के अवसर पर चर्चा की गई। चर्चा के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने विषय संबंधित जानकारी दी, साथ ही विभिन्न क्षेत्र की कार्यप्रणाली पर चर्चा किया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों की टीम मौजूद रही, साथ ही स्कूल के प्राचार्य एंव शिक्षक भी उपस्थित रहे। जहां पूर्व रेडियो जॉकी सोनल शर्मा और प्रोडक्ट स्टाइलिस्ट अनीशा माहेश्वरी, सिनेमैटोग्राफर सार्थक तपाड़िया मुख्य वक्ता के रुप में मौजूद रहे।

### भविष्य में मिलेंगे अधिक विकल्प

पैनल चर्चा के दौरान छात्र-छात्रों को गैर-पारंपरिक कॅरियर विकल्पों की खोज करने और रचनात्मक क्षेत्रों के चयन संबंधित विभिन्न जानकारी दी गई। इसके लिए विद्यार्थियों को विषय संबंधित जानकारी के लिए निश्चित ही मंच की जानकारी दी गई, जिसके माध्यम से वह कॅरियर विकल्पों की खोज असानी से कर सकते हैं। इस दौरान प्रध्यापक दलजीत सिंह ने अपने संबोधन में कहा, शिक्षा के क्षेत्र में आने वाले भविष्य में कई विकल्प आपको देखने मिलेंगे। विद्यार्थी अपने लिए कई विकल्प खोज सकते हैं।

● सरल प्रक्रिया से बढ़ा एडॉप्शन, बीते वर्ष गोद लिए गए थे 9 बच्चे

# 18 माह में 11 बच्चों को मिले माता-पिता, ज्यादातर दूसरे राज्य गए, अनाथ बच्चों में बालिकाओं की संख्या अधिक

एडॉप्शन की प्रक्रिया का सरलीकरण होने के बाद संतानहीन शादीशुदा जोड़े आसानी से बच्चा गोद ले पा रहे हैं। बच्चा गोद लेने से जहां दंपति को संतान सुख की प्राप्ति हो जाती है, वहीं अनाथ, परित्यक्त व समर्पित बच्चे को भी माता-पिता मिल जाते हैं, जिन पर उनका उज्ज्वल भविष्य निर्भर करता है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के विभिन्न विशिष्ट दत्तक ग्रहण में पल रहे ऐसे 11 बच्चों को पिछले डेढ़ साल में शादीशुदा जोड़ों ने गोद लिया है।





### 3 माह से लेकर 15 वर्ष तक के बच्चों को दिया गया गोद

*रायपुर जिले में विभिन्न विशिष्ट दत्तक ग्रहण में अनाथ, परित्यक्त व समर्पित बच्चों का पालन-पोषण किया जा रहा है। इनमें 3 माह से लेकर 18 साल तक के बच्चे हैं। इन बच्चों के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित कारा के माध्यम से आवेदन किए जाते हैं। इन आवेदनों के आधार पर शादीशुदा जोड़े को बच्चा गोद लेने की प्रक्रिया जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से की जाती है। पिछले साल 2023 में 9 बच्चों को गोद दिया गया है, वहीं चालू वर्ष में 2 बच्चों को गोद दिया गया है। जिन बच्चों को गोद दिया गया है, उनकी उम्र 3 माह से लेकर 15 वर्ष तक है। इनमें 3 माह के तीन, 4 माह के तीन, 8 वर्ष का एक, 10 वर्ष का एक, 12 वर्ष का एक, 13 वर्ष का एक तथा 15 वर्ष का एक बच्चा शामिल है। बच्चों में बालिका की संख्या ज्यादा है।*



रायपुर। गोद लेने वाले माता-पिता में ज्यादातर दूसरे राज्य के हैं। हालांकि बच्चा गोद लेने में अब अफसर वर्ग भी पीछे नहीं है। प्रदेश के शक्ति जिला प्रशासन में संयुक्त कलेक्टर के पद पर पदस्थ अफसर व उनकी पत्नी ने हाल ही में एक बच्चा गोद लिया है, जिसका पॉजिटिव संदेश अफसरों व सरकारी कर्मचारियों पर देखा जा रहा है। प्रशासनिक खेमे में बच्चा गोद लेने वाले अफसर व उनकी पत्नी की जमकर प्रशंसा हो रही है।

### 2 छत्तीसगढ़ एवं 9 दूसरे राज्यों में गोद लिए गए

11 बच्चों में 2 बच्चों को छत्तीसगढ़ राज्य में रहने वाले दंपत्ति ने गोद लिया है। इनमें एक शक्ति और दूसरा बिलासपुर जिले के निवासी है। इसके अलावा 9 बच्चों को दूसरे राज्यों में रहने वाले दंपत्ति ने गोद लिया है। इनमें पटटुवम ललिपरेम्बा कण्णूर केरल, हरबौर ईस्टेट थुथकुड़ी तमिलनाडु, बेरहामपुर गन्जाम ओडिशा, कोलकाता पश्चिम बंगाल, चुन्नई तमिलनाडू, रीवा मध्यप्रदेश व बेंगलुरु शामिल हैं।

### प्रक्रिया सरलीकरण से बच्चा गोद लेना आसान

प्रक्रिया सरलीकरण कर दी गई है। इससे अब बच्चा को गोद लेना आसान हो गया है। जटिल प्रक्रिया के कारण पहले कोर्ट में सालों लग जाता था। सरलीकरण के बाद जिला प्रशासन के एडीएम कोर्ट माध्यम से कुछ महीनों के भीतर ही मिल जाता है। पिछले डेढ़ साल में 11 बच्चे गोद दिए गए।

**- दनिशा मिश्रा**, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग

सिटी लाइव

## अलग-अलग विषयों के अध्ययन से निखरेगी विद्यार्थियों की प्रतिभा



रायपुर। चौबे कालोनी स्थित प्रगति कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक के रुप में सहायक प्राध्यापक डॉ. राधा बाई नवीन कन्या महाविद्यालय से डॉ.ज्योति मिश्रा उपस्थित रही। इस अवसर पर प्रशिक्षण का मुख्य विषय 'पाठ्यचर्या की रूपरेखा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत' रहा। इस दौरान कॉलेज के प्रत्येक विभाग के प्रोफेसर मौजूद रहे, जिन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को समझने का प्रयास किया। कर्यक्रम में एडमिनिस्ट्रेशन ज्योति ठाकुर, प्रो.राम कृष्ण राव,कंप्यूटर विभाग से मनु रवानी, एजूकेशन विभाग से के एन गजपाल उपस्थित रहे।

### आगामी सत्र में इलेक्टिव सब्जेक्ट का महत्व

कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. सौम्या नय्यर द्वारा उद्बोधन से की गई, जिन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति संबंधित जानकारी दी। मुख्य वक्ता डॉ. मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा, शिक्षा सत्र 2024-25 में स्नातक स्तर पर सेमेस्टर पद्धति से लागू की जा रही है। प्रशिक्षण में विषय चयन के पश्चात विभिन्न प्लेटफॉर्म की जानकारी दी गई, जिसे प्राध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों को विषय चयन के दौरान बताया जाएगा। साथ ही इलेक्टिव सब्जेक्ट के महत्व और भविष्य में उपयोगिता की जानकारी दी गई। च्वॉइस बेस्ड सब्जेक्ट लेने की सुविधा भी दी जा रही है।



## छत्तीसगढ़ी गीतों पर झूम उठे दर्शक, बांधा मोहक आवाज से, हिंदी गानों ने भी मोहा

रायपुर। मैग्नेटो मॉल में छत्तीसगढ़ी गीतों की प्रस्तुति पर दर्शक झूम उठे। ना सिर्फ छत्तीसगढ़ी बल्कि हिंदी गीतों की भी प्रस्तुति दी गई। मौका था, छत्तीसगढ़ी गीत 'आबे गोरी झूम के' का विमोचन का। इसके साथ ही एक हिंदी वीडियो एल्बम का भी विमोचन किया गया। शहर के कई गणमान्य नागरिक इस दौरान मौजूद रहे। गौरतलब है कि वेंकटेश अग्रवाल ने विश्व में सबसे कम उम्र का संगीतकार एवं गीतकार होने का कीर्तिमान बनाया है और गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड एवं इन्फ्लुएंसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज किया है। उनके द्वारा बनाए गए हिंदी वीडियो एल्बम 'किनारा' एवं उनके द्वारा गाए गए छत्तीसगढ़ी गीत 'आबे गोरी झूम के' का ही विमोचन इस संगीत संध्या में किया गया।




### सराही गई आवाज

इस मौके पर छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेता व विधायक अनुज शर्मा, फिल्म डायरेक्टर सतीश जैन, मनोज वर्मा छग फिल्म एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल और प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर उपस्थित रहे। अतिथियों ने आवाज को सराहते हुए छत्तीसगढ़ी सिनेमा के क्षेत्र में हो रहे नवीन कार्यों पर चर्चा की। बड़ी संख्या में सिनेमा प्रेमी भी इस आयोजन का हिस्सा बने। महिलाओं में विशेष रूप से छत्तीसगढ़ी गीतों को लेकर क्रेज देखा गया। बच्चों और पुरूष वर्ग ने भी गानों का आनंद उठाया।

महिलाओं में दिखा क्रेज, बच्चों ने भी उठाया लुत्फ

## अभावों में खुशी ढूंढने अनोखी पहल अलग-अलग रंग के जूतों में पहुंचे छात्र

रायपुर। प्रदेशभर के स्कूलों में नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हो चुका है। यहां छात्रों को खेल-खेल में नई चीजें सीखाने तथा जीवन मूल्य बताने के लिए कई तरह के प्रयोग हो रहे हैं। इसी कड़ी में अनोखा प्रयोग करते हुए छात्रों को अलग-अलग तरह रंग के जूते पहनकर बुलाया गया। यह प्रयोग होलीहाट्र्स स्कूल के बारहवीं कक्षा के छात्रों ने किया। शिक्षिका मृणालिनी ने बताया कक्षा बारहवी की अंग्रेजी किताब के एक अध्याय ने बच्चों को झकझोर कर रख दिया। 'लॉस्ट सप्रिंग' कहानी है ऐसे बच्चों के बचपन की, जो गरीबी और बदनसीबी की मार से बेरंग है। जो मिला, जैसा मिला, टूटा, फटा, खराब, उसी में गुजारा कर लिया।



### सीखी कृतज्ञता और संवेदनशीलता

इस अध्याय को पढ़ने के बाद मन में आया क्यों ना एक दिन पूरी तरह से तो नहीं, लेकिन कुछ-कुछ इनके हालात समझने की कोशिश करें। इसके बाद कक्षा बारहवीं के छात्रों ने तय किया कि एक दिन दोनों पैरों में अलग-अलग जूते पहने और देखें कैसा लगता है। लोग क्या कहते हैं? इसके जरिए बच्चों ने कृतज्ञता और संवेदनशीलता सीखी। बच्चों ने जाना कि जो है उसमें खुश रहना जरूरी है। सबको सबकुछ नहीं मिलता है। दूसरों के लिए कुछ अच्छा करने की ललक होनी चाहिए।

## बच्चों को सेहतमंद रखने वॉटर कूलर, उठाएंगे पढ़ाई का खर्च

रायपुर। सराफा एसोसिएशन के सदस्यों ने अपने सामुदायिक सेवा कार्यों की श्रृंखला में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए संजय नगर उच्चतर माध्यमिक शाला में वाटर कूलर, सीसीटीवी कैमरे और कुछ जरूरतमंद बच्चों की फीस का प्रबंध किया है। इस विद्यालय में लगभग 1300 बच्चों का शिक्षण कार्य चलता है। इसके अलावा 9वीं कक्षा के कुछ जरूरतमंद बच्चों की फीस भी एसोसिएशन द्वारा दी गई। इस प्रयास में सराफा एसोसिएशन के ऊर्जावान अध्यक्ष सुरेश भंसाली, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र गोलछा, उपाध्यक्ष हरीश डागा, सुनील सोनी, सह सचिव प्रवीण मालू, और दिलीप टाटिया की प्रेरणा ने अहम भूमिका निभाई। रायपुर सराफा एसोसिएशन कई वर्षों से जरूरतमंदों की मदद करता आ रहा है। विशेष प्रेरणा दायक सहयोगियों में अशोक गोलछा, उत्तम गोलछा, नरेंद्र दुग्गड़,



लक्ष्मीनारायण लाहोटी, अशोक सोनी, नीलेश लाला, जीतेश नानू, विनय भंसाली, आकाश गोलछा, पंकज कांकरिया, संजय बरमठ, सौरभ कोठारी, विनय गोलछा, विकास कानूगा, और अन्य सदस्यों ने निरंतर अपना सहयोग प्रदान किया है।

समाज इवेंट

## छात्रों को स्वावलंबी बनाने कौशल विकास आवश्यक




रायपुर। विप्र कला,वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में शिक्षकों के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति संबंधित जानकारी प्रदान की गई। यहां मुख्य वक्ता के रुप में प्रो. समीर भार्गव मौजूद रहे, जिन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति की जानकारी मौजूद शिक्षकों से साझा की। अपने संबोधन में कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य नौकरी के लिए दूसरों पर निर्भरता वाली शिक्षा पद्धति को पूर्णतः समाप्त करना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में विद्यार्थियों को पूर्ण रुप स्वावलंबी बनाने के लिए कौशल विकास पर जोर दिया गया है। यह भारत सरकार का बहुउद्देशीय योजना है, कोरोना काल में भी कई राज्यों द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू किया गया है।

### विभाग अनुसार करेंगे तैयारी

प्रो. समीर भार्गव ने कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत होने वाले बदलावों के लिए प्राध्यापकों को परिवर्तन के लिए तैयार किया जा रहा। इसके अनुसार ही प्रत्यके विभाग की तैयारी की जाएगी, जिसमें वह विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देंगे। डॉ. गिरीशकांत पांडेय ने कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2050 तक के लिए लागू किया गया है। इसका विश्लेषण 2040 के बाद ही किया जा सकता है। नीति के अनुसार विद्यार्थियों को तैयार करने की पूर्णता जिम्मेदारी शिक्षकों की है। इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी भी शामिल रहे।

कार्नर न्यूज

अपने अंदर के शत्रु को खत्म करना ही जीवन की सर्वोत्तम खुशी

# संसार में हमारा कोई दुश्मन नहीं, राग-द्वेष, लालच और ईर्ष्या जैसे शत्रु हमारे अंदर ही, सुख को अपने भीतर ढूंढने से मिलेगी खुशी

रायपुर। जिनवाणी की वर्षा के क्रम में दीर्घ तपस्वी श्री विरागमुनिजी ने बुधवार को भाठागांव के वालफोर्ट सिटी में प्रवचन किया। यहां बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने प्रवचन का लाभ लिया। प्रवचन के दौरान उन्होंने कहा कि आज हम आध्यात्मिक विकास के लिए पुरूषार्थ नहीं कर पा रहे हैं। हमें आध्यात्म की ओर ले जाने वाला मित्र नहीं मिल रहा है। वैसे भी कल्याण मित्र हमें मिलेगा कैसे, हम तो बाहर की दुनिया में सुख ढूंढ रहे हैं। हमें वह अपने अंदर ढूंढना है और पाप रूपी कचरे को अपनी आत्मा से बाहर करना है। हम अपने शत्रु को बाहर खोज रहे हैं, जबकि वह हमारे अंदर ही है। राग, द्वेष, काम, वासना, लालच, ईर्ष्या जैसे भावनाओं को हमने पाल रखा है, उसे ही ढूंढकर हमें बाहर निकालना है। इस सांसारिक दुनिया में कोई हमारा शत्रु नहीं है, हमें केवल एक बार अपने अंदर झांकना है और अंदर के शत्रु को खत्म करना है, फिर आप देखिए कि जीवन कैसे आनंद से भर जाएगा।

### भाग्य को छोड़ दिया है पुण्य के भरोसे



उन्होंने आगे कहा कि आज भाग्य को हमने पुण्य के भरोसे छोड़ दिया है, हम पुरूषार्थ नहीं कर पा रहे है। जबकि हमें अपने परिणामों में बदलाव लाना है। कुछ लोग केवल धर्म के भरोसे रहते हैं और बिल्कुल भी पुरूषार्थ नहीं करते। इतना भी पुरूषार्थ नहीं करना है कि काम करते-करते आपका ब्लड प्रेशर और शुगर लेवल बढ़ जाए। इतनी टेंशन नहीं लेनी है। आप अपने स्टाफ को ही देख लीजिए, कितने आनंदित रहते हैं। दुकान में बैठे रहते हैं और यह सोचते हैं कि ग्राहक इतने आ जाए कि अपनी पगार निकल जाए और थोड़ा दुकान का खर्च ताकि अपने को भी टेंशन नहीं और न ही मालिक को टेंशन हो। जबकि आपको टेंशन रहता है कि ग्राहकों की संख्या कैसे बढ़ाई जाए, ऐसी क्या स्कीम लगाई जाए जो ग्राहक रातों-रात दोगुने हो जाए। ऐसा इसलिए क्योंकि एंगल अलग-अलग है। वैसे ही आपको धर्म के प्रति रहना है और अपनी सोच को क्लियर रखना है।

### मुमुक्षु रत्न नीलेश महेता लेंगे 23 नवंबर जैन दादाबाड़ी में दीक्षा

भाठागांव स्थित वालफोर्ट सिटी में बुधवार को दीर्घ तपस्वी श्री विरागमुनिजी से मुमुक्षु रत्न नीलेश भाई महेता ने मुनिश्री से दीक्षा मुहूर्त प्रदान करने का अनुरोध किया। जिसे स्वीकार करते हुए मुनिश्री ने रायपुर की पुण्य धरा पर मुमुक्षु नीलेश भाई महेता को इसी वर्ष के 23 नवंबर को दीक्षा प्रदान करने की शुभ करने के शुभ मुहूर्त की घोषणा की। रायपुर के जैन दादाबाड़ी में मुमुक्षु नीलेश भाई महेता 23 नवंबर को दीक्षा लेंगे, वे सांसारिक जीवन का त्याग करते हुए और वैराग्य जीवन में प्रवेश करेंगे। दीक्षा मुहूर्त प्रदान करने के पश्चात वॉलफोर्ट सिटी में संगीतमयी कार्यक्रम के साथ उनका वंदन किया गया। उनके परिजनों और दोस्तों के लिए यह पल बहुत ही भावुक रहा।

## सिटी स्पोर्ट्स

### राष्ट्रीय तीरंदाजी में रायपुर के खिलाड़ियों का रिकार्ड



**रायपुर।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ट्रेनिंग सेंटर रायपुर के खिलाड़ियों ने कोलकाता में 27 से 30 जून तक आयोजित ऑल इंडिया इंटर साई तीरंदाजी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया और एतिहासिक रिकॉर्ड बनाते हुए 10 गोल्ड 12 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष कैलाश मुरारका ने बताया कि संपूर्ण भारत से लगभग 20 टीम में आई थी जिनमें प्रथम स्थान सीआरसी भोपाल को प्राप्त हुआ। जिनमें में एसटीसी रायपुर और एसटीसी धार सम्मिलित थे। एचटीसी रायपुर के खिलाड़ियों को 27 मेडल में सर्वाधिक 24 मेडल को प्राप्त हुआ और प्रथम स्थान पर रहे। द्वितीय सेना की बॉयज स्पोर्ट्स कंपनी तृतीय स्थान पर साई रीजनल सेंटर कोलकाता के खिलाड़ी रहे। साईं ट्रेनिंग सेंटर रायपुर से कुल 19 खिलाड़ियों का चयन हुआ था और तीरंदाजी सम्मिलित हुए। इनमें उमेश पाल ने 3 गोल्ड मेडल, अभिषेक पाल ने 1 गोल्ड और 1 सिल्वर,क्षमा पिस्दा ने 2 गोल्ड मेडल,सत्यम साहू ने 2 गोल्ड मेडल,हर्षिता साहू ने 2 सिल्वर मेडल, अर्शी यादव ने 1 सिल्वर और एक ब्रॉन्ज,आर्या महोबिया 2 सिल्वर और एक ब्रॉन्ज मेडल, अमीषा चौरासिया ने व्यक्तिगत कांस्य पदक, खुशी श्रीवास्तव,राधिका पोयाम को टीम इवेंट में सिल्वर मेडल ,राहुल, हेमंत,संजय ,कृष पांडे, और निशांत को भी व्यक्तिगत तथा टीम इवेंट का मेडल प्राप्त हुआ। जूनियर इंडियन राउंड में प्रथम ,द्वितीय तथा तृतीय स्थान एस टी सी रायपुर के उमेश, कृष तथा अभिषेक ने जीता। कुल गोल्ड मेडल 10 ,सिल्वर मेडल 12 तथा 05 कांस्य पदक जीत कर एसटीसी रायपुर ने ऑल इंडिया इंटर साई तीरंदाजी चैंपियनशिप अपने नाम की। ज्ञात हो की एसटीसी रायपुर और धार की संयुक्त टीम सीआरसी भोपाल का प्रतिनिधित्व किया। सभी खिलाड़ी साई तीरंदाजी कुल 20 टीमों के 286 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

### भारतीय जीवन बीमा निगम, रायपुर मंडल की वालीबॉल टीम चयनित



**रायपुर।** भारतीय जीवन बीमा निगम, रायपुर मंडल की मंडल स्तरीय व्हालीबॉल चयन स्पर्धा का आयोजन सप्रे शाला स्थित व्हालीबॉल मैदान, रायपुर में 30 जून को किया गया इस अवसर पर एलआईसी स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के पूर्व सदस्य शिशिर गुप्ता, क्रीड़ा एवं मनोरंजन समिति रायपुर की सचिव संध्या राज, अग्रेश्वर साहू और ललित वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे। प्रतियोगिता के मुख्य चयनकर्ता जनक राम यादव, लाल निषाद एवं रविंद्र बागी थे। रायपुर मंडल के व्हालीबाल टीम में चयनित खिलाड़ियों में डी. संतोष कुमार (शाखा कार्यालय जगदलपुर), करण सोनकर (मं.का. रायपुर), भुराज कहार (शाखा कार्यालय कांकेर) और डी. सोरी (शाखा कार्यालय जगदलपुर) शामिल थे। रायपुर मंडल की व्हालीबाल टीम में चयनित खिलाड़ी 28 से 29 अगस्त तक इंदौर में आयोजित होने वाली मध्य क्षेत्रीय व्हालीबाल चयन प्रतियोगिता₹ में भाग लेंगे, जिसमे सम्पूर्ण मध्य क्षेत्र (मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़) के 08 मंडल कार्यालय के चयनित खिलाड़ी भाग लेंगे। मध्य क्षेत्रीय व्हालीबाल चयन प्रतियोगिता₹ के आधार पर चयनित खिलाड़ी भारतीय जीवन बीमा निगम की ₹अखिल भारतीय व्हालीबाल प्रतियोगिता में मध्य क्षेत्र की व्हालीबाल टीम का प्रतिनिधित्व करेंगें। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी एवं अन्य सदस्यगण, खिलाड़ीगण उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी भारतीय जीवन बीमा निगम, क्रीडा एवं मनोरंजन समिति रायपुर के सह सचिव विनय बैसवाड़े ने दी।

### सौम्य व संजीता को शतरंज में मिली अंतरराष्ट्रीय वरीयता


सौम्या


संजीता

**रायपुर।** महासमुंद ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के निर्देशन तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज शतरंज संघ के मार्गदर्शन व खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के विशेष सहयोग से महासमुंद जिला शतरंज संघ द्वारा गत माह पिथौरा में छत्तीसगढ़ राज्य चयन सीनियर महिला -पुरुष राज्य चयन स्पर्धा का आयोजन किया गया था । इस स्पर्धा को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता विश्व शतरंज महासंघ ने प्रदान की थी जिसमें प्रदेश से 150 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। स्पर्धा में महासमुंद के सौम्य साहू व संजीता साहू ने भी हिस्सा लिया था। दोनों ही खिलाड़ियों ने अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इंटरनेशनल फीडे रेटिंग पाने में अद्भुत कामयाबी हासिल की है।

● जीवनशैली में बदलाव करना आज की जरूरत

# लिवर-किडनी और फेफड़ों की ज्यादातर तकलीफों के लिए हमारी आदतें जिम्मेदार, तुरंत करें सुधार

लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी को कई प्रकार की बीमारियों का कारक माना जाता है। पिछले कुछ दशकों में इसके कारण जिन अंगों की समस्या बढ़ते हुए देखा गया है, लिवर-किडनी और फेफड़े उनमें प्रमुख हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लगभग हर उम्र के व्यक्ति में इससे संबधित विकारों के मामले बढ़ते देखे जा रहे हैं। इन अंगों की बीमारियां गंभीर स्थिति में जानलेवा दुष्प्रभावों वाली भी हो सकती हैं, इसलिए अपनी दिनचर्या को ठीक रखना सभी लोगों के लिए बहुत आवश्यक हो जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, दिनचर्या की कुछ गड़बड़ आदतें शरीर के अंगों के लिए नुकसानदायक हो सकती हैं। आइए जानते हैं कि लिवर-किडनी और फेफड़ों के लिए किन आदतों को हानिकारक माना जाता है जिससे सभी लोगों को दूरी बनाकर रखने की सलाह दी जाती है।



### लिवर-किडनी और फेफड़ों की बीमारियों का खतरा

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लिवर-किडनी और फेफड़ों की बीमारियों के कारण हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है। इन अंगों की करीब 40 फीसदी बीमारियों के लिए जिन दो आदतों को सबसे खतरनाक पाया गया है वह है- शराब और धूम्रपान।डॉक्टर कहते हैं, ये दोनों आदतें कई प्रकार की क्रोनिक बीमारियों का कारण बन सकती हैं। इसके कारण किडनी फेलियर से लेकर लिवर और फेफड़ों के कैंसर तक का जोखिम हो सकता है। अगर इनमें सुधार कर लिया जाए तो कई प्रकार की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से खुद को सुरक्षित किया जा सकता है।

### धूम्रपान से किडनी-फेफड़ों की बीमारी

धूम्रपान हमारी सेहत को कई प्रकार से क्षति पहुंचाती है। इससे सबसे ज्यादा नुकसान लंग्स और किडनी को रहता है। धूम्रपान से निकलने वाले धुंआ में कई प्रकार के हानिकारक रसायनों का मिश्रण होता है जिससे फेफड़ों की मांसपेशियों को गंभीर क्षति होने, यहां तक कि फेफड़ों में कैंसर विकसित होने तक का जोखिम बढ़ जाता है। धूम्रपान की आदत फेफड़ों के साथ किडनी को भी नुकसान पहुंचाती देखी गई है। अध्ययनों में पाया गया है कि धूम्रपान के कारण रक्त वाहिकाओं को नुकसान हो सकता है, जिससे किडनी में रक्त का प्रवाह बाधित हो जाता है और किडनी की बीमारियों का खतरा हो सकता है।

### शराब से लिवर कैंसर का खतरा

अध्ययनकर्ता बताते हैं, धूम्रपान की ही तरह से शराब का सेवन भी संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना जाता है। इससे लिवर की बीमारियों और गंभीर स्थिति में कैंसर बढ़ने का खतरा भी देखा जाता रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, लंबे समय तक शराब पीने वाले लोगों में लिवर की बीमारियों के विकसित होने, इंफ्लामेशन और हेपटाइटिस जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। अल्कोहल का अधिक सेवन करने वाले लोगों में लिवर फेलियर की समस्या होने का भी खतरा बढ़ा हुआ देखा जाता रहा है।





# सिट अप्स एक्सरसाइज करने का सही तरीका

कुछ लोग 6-8 पैक एब्स और फ्लैट टमी पाने के लिए फूड या डाइट फॉलो करते हैं। कुछ लोग एब्स बनाते समय गलतियां करने से बचते हैं। एब्स के लिए जिम में लोग कई तरह की एक्सरसाइज करते हैं। इनमें सबसे ज्यादा 'सिट अप्स' एक्सरसाइज की जाती है। हो सकता है आप भी यही करते हों। लेकिन इस एक्सरसाइज को करने से पहले इसके बारे में जानकारी होनी जरूरी है।

### सिट अप्स एक्सरसाइज क्या है

सिटअप्स, क्लासिक एब्डोमिनल एक्सरसाइज है। इसे पीठ के बल लेटकर किया जाता है। इस बॉडी वेट एक्सरसाइज को धड़ को ऊपर उठाकर किया जाता है। इस एक्सरसाइज को कोर को स्थिर करने, एब्डोमिनल मसल्स को मजबूत करने और एब्डोमिन मसल्स को टोन करने के लिए करते हैं।

सिटअप्स एक्सरसाइज मुख्य रूप से रेक्टस एब्डोमिनिस, ट्रांसवर्स एब्डोमिनिस और ऑब्लिक्स मसल्स पर काम करते हैं लेकिन इसे करते समय हिप फ्लेक्सर्स, चेस्ट, पीठ के निचले और गर्दन पर भी टेंशन क्रिएट होती है। इसे करने से लोअर बैक मसल्स और ग्लूटेरल मसल्स का पोश्चर सही रहता है। लार्ज रेंज ऑफ मोशन के साथ, सिटअप्स एक्सरसाइज क्रंचेस और स्टैटिक कोर एक्सरसाइज की तुलना में अधिक मसल्स को टारगेट करते हैं।



### सिट अप्स के लिए मशीन/इक्युपमेंट

वैसे तो सिट अप्स एक्सरसाइज को बॉडी वेट से ही किया जाता है। लेकिन कुछ लोग इसे करते समय अधिक टेंशन क्रिएट करने के लिए प्लेट, कैटलबेल, डम्बल आदि प्रयोग करते हैं। लेकिन बिगिनर्स इस एक्सरसाइज को बॉडी वेट से ही करें और अलग से वेट एड करने से पहले ट्रेनर की सलाह जरूर लें।

### सिट अप्स एक्सरसाइज के प्रकार

सिट अप्स एक्सरसाइज को बॉडी वेट से फर्श पर लेटकर किया जाता है। इसे बार पर हैंग करके ही किया जाता है। इसमें अधिक टेंशन क्रिएट करने के लिए कुछ मूवमेंट एड कर सकते हैं। अगर आप इंटरमीडिएट या एडवांस लेवल पर हैं तो इसके डम्बल सिट अप्स वेटेड प्लेट सिट अप्स, बाइसिकल क्रंच, रिवर्स क्रंच,वी-अप्स, डेड बग्स और सीजर्स वेरिएशन ट्राई कर सकते हैं। आप चाहें तो सिट अप्स की जगह प्लैंक, माउंटेन क्लाइंबर्स, ब्रिज और हैंगिंग लेग रेज एक्सरसाइज भी ट्राय कर सकते हैं।

### सिट अप्स एक्सरसाइज/वर्कआउट कैसे करते हैं

सिट अप्स एक्सरसाइज को बिगिनर्स भी कर सकते हैं। इसे करने से पहले वॉर्मअप करना जरूरी है। इसे करने के लिए फर्श पर ऊपर की ओर मुंह करके लेटें और फिर घुटनों को मोड़ लें। यदि आपके साथ कोई पार्टनर है तो अपने पंजों को उसके पैरों के नीचे रख सकते हैं, जिससे आपके पैर जमीन से नहीं हटेंगे। अब अपनी बाहों को कनपटी पर रखें और कोर को टाइट करें। यदि आपकी गर्दन पर लोड आ रहा है या बैंड हो रही है तो हाथों को क्रास करके अल्टरनेट कंधे पर रख सकते हैं, इससे गर्दन पर लोड नहीं आएगा।



# शिवलिंग पर घी चढ़ाने से क्या होता है?



शिवलिंग की पूजा के लिए कई नियम बताए हैं। शिवलिंग पर क्या अर्पित करना चाहिए और क्या नहीं। इस बारे में जानना बेहद जरूरी है। अब ऐसे में सवाल है कि शिवलिंग पर घी चढ़ाने से क्या लाभ हो सकता है। ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

### शिव पर घी चढ़ाने के लाभ

शिवलिंग पर घी चढ़ाना बेहद शुभ माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि शिवलिंग की पूजा करते समय घी चढ़ाने से शिव जी जल्द प्रसन्न हो सकते हैं और व्यक्ति की मनोकामनाएं जल्द पूरी हो सकती है। इसके अलावा शिवलिंग पर घी चढ़ाने से तेज की प्राप्ति होती है और व्यक्ति के जीवन में उल्लास का आगमन होता है। साथ ही मानसिक परेशानियों से भी छुटकारा मिल सकता है।

### मनवांछित फलों की हो सकती है प्राप्ति

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ऐसा कहा जाता है कि शिवलिंग पर घी चढ़ाने से व्यक्ति को मनवांछित फलों की प्राप्ति हो सकती है और सुख-समृद्धि की प्राप्ति हो सकती है।

### सोमवार के दिन चढ़ाएं घी

अगर आप शिवलिंग पर घी चढ़ा रहे हैं, तो सोमवार के दिन अर्पित करें। ऐसी मान्यता है कि सोमवार का दिन शिव जी को समर्पित है। इसलिए अगर आप उन्हें जल्द प्रसन्न करना चाहते हैं, तो सोमवार का दिन उत्तम माना जाता है।

### घी चढ़ाने के दौरान मंत्र जाप

शिवलिंग पर घी चढ़ाने के दौरान इन मंत्रों का जाप करें। इससे व्यक्ति के सौभाग्य में वृद्धि हो सकती है।

ॐ नमः शिवाय
ॐ सोमेश्वराय नमः
ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम् ।
उर्वारुकमिव बन्धनान् मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् ॥

शिवलिंग की पूजा करने के दौरान घी जरूर चढ़ाएं।

# थाली में स्वाद का तड़का लगाने के लिए आसान तरह से तैयार करें चटनी



अगर भोजन सादा भी हो, तो चटनी उसके स्वाद को कई गुना बढ़ा सकती है। एक समय था जब लोग हाथ से सिलबट्टे पर पीसकर चटनी बनाते थे। आज के समय में तो मिक्सी का इस्तेमाल करके कुछ मिनटों में भी चटनी बनाई जा सकती है। आपको अलग-अलग तरीके की चटनियों के बारे में यहां जानकारी, जिन्हें आप थाली में परोसकर अपने खाने का स्वाद बढ़ा सकते हैं।

### धनिया चटनी

इस मौसम में हरे धनिया की पत्तियां काफी आसानी से बाजार में मिल जाती हैं। ऐसे में आप घर पर ही धनिया पत्ती, हरी मिर्च, अदरक, नमक और नींबू के रस की मदद से इस चटनी को तैयार कर सकते हैं। यह चटनी काफी तीखी होती है।

### पुदीने की चटनी

गर्मी में बाजार में पुदीना मिलता है, जो स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक होता है। पुदीने की पत्तियों की चटनी बनाने के लिए आपको धनिया पत्ती, हरी मिर्च, और दही की भी जरूरत पड़ेगी। ये चटनी ताजगी का एहसास दिलाती है।

### टमाटर की चटनी

खाने के साथ अगर आप टमाटर की चटनी परोसेंगे तो भोजन का स्वाद बढ़ जाएगा। ये चटनी टमाटर, प्याज, लहसुन, और मसालों से बनाई जाती है। यह चटनी खट्टी-मीठी होती है और विभिन्न प्रकार के स्नैक्स के साथ परोसी जाती है।

### नारियल और मूंगफली की चटनी

इसे ज्यादातर दक्षिण भारत के पकवानों के साथ खाया जाता है। इसे मूंगफली, नारियल, हरी मिर्च, नमक और दही से तैयार किया जाता है। ये ज्यादा तीखी नहीं होती, जिस वजह से इसे बच्चे भी खाना पसंद करते है।

### इमली की चटनी

इमली और गुड़ की ये चटनी खाने में खट्टी-मीठी होती है। इसे ज्यादातर चाट के साथ परोसा जाता है। आलू की टिक्की, दही बताशे, राज कचौड़ी और पकौड़ों के साथ भी इसे परोसा जाता है।

**आम की चटनी** : आजकल गर्मियों का मौसम है, ऐसे में आपको कच्चा आम बाजार में आसानी से मिल जाता है। कच्चे आम से बनी ये चटनी पराठे या रोटी के साथ खाई जाती है। कई जगह इसे गलका या लौंजी भी कहते है।

# बच्चे को इन आपात स्थितियों के लिए पहले से करें तैयार

*जो बच्चा पूरे दिन आपकी निगरानी में रहता था, अब स्कूल जाने वाला है। ऐसे में चिंतित होने के बजाय उसे स्कूल में किसी भी तरह की इमरजेंसी के लिए तैयार करें, ताकि वह सुरक्षित रहे। बच्चों के स्कूल खुल गए हैं। ऐसे में जो बच्चे पहली बार स्कूल जा रहे हैं, वे काफी उत्साहित हैं। लेकिन माता-पिता थोड़ा तनाव में हैं, क्योंकि अभी तक तो उनका बच्चा उनके साथ उनकी सुरक्षा और नजरों के सामने रहता था। ऐसे में बच्चों की सुरक्षा को लेकर माता-पिता का चिंतित होना स्वाभाविक है। मगर डरने की जगह आपको अपने बच्चे को आपातकालीन स्थितियों की जानकारी देनी चाहिए और कैसे उससे निपटना है, इसके बारे में बताना चाहिए।*

### सामान्य जानकारी

हो सके तो बच्चे को घर का एक मोबाइल नंबर जरूर याद कराएं, साथ ही बच्चे को स्कूल ले जाते समय रास्ते में पड़ने वाली निशानियों, जैसे कि दुकान, पेड़ या खाली पड़े मैदान को याद करने को कहें। ऐसा करने से कभी इत्तेफाक से बच्चा अकेला ही स्कूल से निकल जाए तो वह रास्ते की निशानी देखकर घर पहुंच सकता है।



### अचानक पेट दर्द में

बच्चों की गट हेल्थ कमजोर होती है। ऐसे में अक्सर उनमें पेट दर्द की समस्या देखी जाती है। बच्चे नए लोगों से घुल-मिल नहीं पाते हैं और झिझक में टीचर को इसकी जानकारी नहीं देते, जिससे टीचर भी घबरा जाती हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए आपको अपने बच्चे को समझाना होगा कि यदि अचानक पेट दर्द होने लगे तो पहले टॉयलेट जाकर फ्रेश हो ले, क्योंकि कभी-कभी अपच भी पेट दर्द का कारण बनती है।







## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# बिना कैमरा हिलाए जेमेकिस ने बना दी पूरी फिल्म, 'हियर' का ट्रेलर रिलीज



सोनी पिक्चर्स ने आधिकारिक तौर पर निर्देशक रॉबर्ट जेमेकिस की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'हियर' का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। ट्रेलर रिलीज के बाद प्रशंसकों की प्रतिक्रिया सोशल मीडिया पर आनी शुरू हो चुकी है। फिल्म के ट्रेलर के साथ इसकी रिलीज डेट का भी खुलासा किया गया है। निर्देशक रॉबर्ट जेमेकिस की ड्रामा फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म के ट्रेलर में कई पीढ़ियों के साथ कई परिवारों की कहानी दिखाई गई है, जिसमें पूरी फिल्म एक ही जगह पर दिखाई गई है, जो वह घर बन जाता है, जहां हैंक्स और राइट के किरदार रहते हैं। ट्रेलर में किरदारों के बीच शुरुआती प्यार, उम्मीद, खुशियां, जिंदगी का हर एक पहलू बखूबी दिखाया गया है। साथ ही उनके भविष्य के उतार-चढ़ाव की झलकियां भी दिखाई गई हैं। टॉम हैंक्स, रॉबिन राइट के अभिनय से सजी फिल्म 'हियर' 15 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म 'फॉरेस्ट गंप' के निर्देशक, लेखक और सितारों को फिर से एक बार फिल्म 'हियर' में कास्ट किया गया है। ट्रेलर में कई परिवारों और उनके रहने के खास स्थान के बारे में एक मौलिक फिल्म है। कहानी पीढ़ियों से गुजरती है, मानवीय अनुभव को उसके शुद्धतम रूप में कैद करती है। 2 घंटे में 'हियर' के ट्रेलर को अभीतक 66 हजार से ज्यादा लोगों ने देखा है। हॉलीवुड फिल्मों और टॉम हैंक्स के प्रशंसक फिल्म के ट्रेलर को लेकर लगातार अपनी प्रतिक्रिया साझा कर रहे हैं। सोनी ड्रामा फिल्म में 'फॉरेस्ट गंप' टीम के प्रमुख सदस्य एक बार फिर साथ नजर आएंगे।

### टालीवुड

# 'पेनकिली' की शूटिंग को लेकर मुश्किल में फंसे फहद



मलयालम स्टार फहद फासिल अपनी बैक-टू-बैक रिलीज हुई फिल्मों की सफलता का आनंद ले रहे हैं। हाल के वर्षों में, उन्होंने एक अभिनेता और निर्माता दोनों के रूप में महत्वपूर्ण सफलता देखी है। हालांकि, अब फहद एक मुसीबत में फंसते नजर आए हैं। उनकी प्रोडक्शन कंपनी फहद फासिल एंड फ्रेंड्स को मानवाधिकार आयोग की कार्रवाई का सामना करना पड़ रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रोडक्शन कंपनी ने हाल ही में अंगमाली तालुक सरकारी अस्पताल में अपनी आगामी फिल्म 'पेनकिली' की शूटिंग की। आरोप है कि फिल्म निर्माताओं ने उचित अनुमति के बिना कैजुअल्टी वार्ड में शूटिंग की और मरीजों को परेशान किया। नतीजतन, मानवाधिकार आयोग ने भी फहद की कंपनी से स्पष्टीकरण मांगा है। आयोग ने आदेश दिया है कि अस्पताल के आपातकालीन विभाग में फिल्म की शूटिंग के लिए सात दिनों के भीतर स्पष्टीकरण देना होगा। इसके अतिरिक्त, एर्नाकुलम जिला चिकित्सा अधिकारी और अंगमाली तालुक अस्पताल के अधीक्षक को भी अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। आयोग के अनुसार, आपातकालीन कक्ष की रोशनी कम कर दी गई थी, और फिल्मांकन के दौरान विशिष्ट प्रतिबंध लगाए गए थे। आपातकालीन कक्ष में अभिनेताओं सहित लगभग 50 व्यक्ति मौजूद थे। आयोग ने चिंतामम व्यक्त की कि आपातकालीन विभाग में सीमित जगह के बावजूद, जब डॉक्टर मरीजों का इलाज कर रहे थे, तब फिल्मांकन जारी रहा। र िपोर्ट के अनुसार, निर्माताओं ने किसी भी गलत काम से इनकार किया है और दावा किया है कि शूटिंग के लिए सभी उचित परिश्रम का पालन किया गया है।

### भोजपुरी

# एक-एक बूंद की कीमत याद दिलाने आ रही 'एक लोटा पानी'



वर्तमान समय मे दुनिया की आधी से अधिक आबादी एक एक बूंद पानी की कमी से तरस रही है, वैसे में आप एक लोटा पानी की अहमियत को बख़ूबी समझ सकते हैं। वैसे भी दुनिया के कई शहरों में तो पानी का स्तर या तो इंसानी पहुंच से दूर जा चुका है या फिर इस स्तर पर आ गया है जहां से की आप उसे किसी खुले तालाब या झील के बजाए बन्द डिब्बे में देख सकें। तो हम बात करेंगे इसी पानी की अहमियत को समझाती हुई एक बेहद संवेदनशील मुद्दे तो टच करती हुई भोजपुरी फिल्म 'एक लोटा पानी' की। निर्देशक चंदन सिंह और अभिनेता आदित्य ओझा की आने वाली यह फिल्म विशुद्ध रूप से एक टिपिकल भोजपुरी फ़ल्मि होने का अहसास अपने टाइटल से ही करा देती है। जहां एक तरफ आजकल भोजपुरी फिल्में किचन की कीच कीच लिए हुए सास बहू पर केंद्रित होकर बन रही हैं वहीं निर्देशक चंदन सिंह ने इस लीक से हटकर सास बहू की परिपाटी को तोड़ते हुए एक बेहद ही सामाजिक सरोकार के मुद्दे को इस फ़ल्मि में दिखाने का काम किया है। 'एक लोटा पानी' दरअसल में हमारे समाज के अंदर के कई मिथकों को तोड़ने का भी काम करेगी। इस फ़ल्मि में अभिनेता आदित्य ओझा एक बेहद ही महत्वपूर्ण किरदार अदा कर रहे हैं जो समाज की गलत अवधारणाओं को अपनी सूझबूझ और विवेकपूर्ण रवैय्ये से तोड़ते हुए दिखता है । निर्देशक चंदन सिंह की यह फ़ल्मि आज के दौर के भोजपुरी फिल्मों के हिंसाब से एक अलग ही स्तर की कहानी कहती हुई फ़ल्मि है जिसके द्वारा समाज मे भेदभाव भूलकर लोग एक दूसरे के साथ हाथ बटाते हुए नजर आएंगे।

## लाइफ स्टाइल

### रेन कलेक्शन



मानसून की दस्तक ने भारत में मौसम खुशगवार कर दिया है लेकिन दुबई, अबू धाबी और अन्य लोकप्रिय पर्यटक शहरों में मौसम ने बेहाल कर रखा है। ऐसे में रेन कलेक्शन 'अमातो' ने फैशन के जरिए राहत पहुंचाई है। जब हस्तशिल्प की बात आती है तो 'अमातो' की खासियत है कि यहां साधारण से कपड़े भी सुंदर परिधान में बदले जा सकते हैं। 'अमातो' का यह कलेक्शन इन दिनों धूम मचा रहा है।

# बारिश के मौसम में होती हैं बालों से जुड़ी ये समस्याएं



मानसून सीजन शुरू हो गया है। ऐसे में हमें अपनी सेहत, स्किन और बालों का ध्यान रखने की सबसे ज्यादा जरूरत है।

### बारिश के मौसम में होती है डैड्रफ की समस्या

बालों में बारिश की वजह से सबसे ज्यादा डैंड्रफ की समस्या होती है। इसकी वजह से बालों में हर समय खुजली और ड्राईनेस रहती है। ऐसे में जरूरी है कि आप बालों की सही तरीके से देखभल करें। इसके लिए आपको बालों को हमेशा साफ रखना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि बारिश के पानी और तेज हवा के की वजह से सारी गंदगी स्कैल्प पर जमा हो जाती है। इससे बाल झड़ने शुरू हो जाते हैं। ऐसे में आपको इन्हें समय-समय पर वॉश करते रहना चाहिए।

### बाल झड़ने की समस्या बढ़ती है

बारिश के मौसम में बालों के स्कैल्प कमजोर हो जाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें ज्यादा नमी होने लगती है। इससे हमेशा स्कैल्प में खुजली की समस्या होती है। ऐसे में बाल भी काफी तेजी से झड़ने लगते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप जितना हो सके अपने बालों को ड्राई रखें। अगर आप बालों को वॉश भी कर रही हैं, तो इसे तुरंत न बांधे अच्छे से सुखाएं। फिर कोई हेयर स्टाइल बनाएं। इससे बालों के झड़ने की समस्या कम हो जाएगी।

### स्कैल्प पर होते हैं दाने

स्कैल्प जब गंदा रहता है, तो इसमें सबसे ज्यादा दाने होने की समस्या होती है। अगर आपके साथ यह समस्या हर मानसून में होती है, तो इसके लिए जरूरी है कि आप एक्सपर्ट की सलाह पर ट्रीटमेंट शुरू करें। साथ ही, बालों में ऑयलिंग बिल्कुल भी न करें। वरना आपको यह समस्या और ज्यादा बढ़ जाएगी। इसके लिए आप डॉक्टर की सलाह पर हेयर मास्क या सीरम का इस्तेमाल कर सकती हैं। इन बातों का ध्यान रखेंगी तो आपके बाल बारिश के मौसम में खराब और ड्राई नजर नहीं आएंगे। साथ ही, आपको बार-बार पैसे खर्च करने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। बालों के टेक्सचर के हिसाब से इस्तेमाल करें चीजें। साथ ही, एक्सपर्ट सलाह लेना न भूलें।

# ट्रेडिशनल लुक पाने अपनाएं लेटेस्ट डिजाइंस वाली साड़ी

### फैशन



साड़ी कई सारे मौकों पर पहनने के लिए बेस्ट है लेकिन अगर आप परफेक्ट ट्रेडिशनल लुक चाहती हैं तो ये आर्टिकल आपके काम हो सकता हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले साड़ी के बारे में बता रहे हैं जिन्हें आप ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए वियर कर सकती है। वहीं इन साड़ी को किस तरह से स्टाइल करना हैं इसके लिए आप एक्ट्रेस के लुक से आइडिया ले सकती हैं।



### सिल्क कांजीवरम साड़ी

इस तरह के सिल्क कांजीवरम साड़ी आप ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए वियर कर सकती हैं। वहीं इस साड़ी को किस तरह कैरी करना है इसके लिए आप एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के लुक से भी आइडिया ले सकती हैं। एक्ट्रेस ने रेड कलर में सिल्क कांजीवरम साड़ी पहनी है और साथ एक्ट्रेस ने स्लीवलेस ब्लाउज पहना है।



**नेट साड़ी:** ट्रेडिशनल लुक के लिए आप इस तरह की नेट साड़ी वियर कर सकती हैं। वहीं इस साड़ी को किस तरह से स्टाइल करें इसके लिए आप एक्ट्रेस प्रिया मणि राज के लुक से आइडिया ले सकती हैं। इस साड़ी में लुक कंप्लीट करने के लिए आप फ्लैट्स साथ ही ज्वेलरी में झुमके वियर कर सकती हैं। इस साड़ी को आप ऑनलाइन और बाजार से दोनों ही जागों से 2000 तक की कीमत में खरीद सकती हैं।

**सेक्विन साड़ी:** रॉयल लुक के लिए आप इस तरह की सेक्विन साड़ी वियर कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी आपको आसानी से ऑनलाइन मिल जाएंगी साथ ही बाजार से भी आप इसे खरीद सकती हैं। वहीं इस सेक्विन साड़ी को किस तरह स्टाइल करें इसके लिए आप एक्ट्रेस श्वेता तिवारी के लुक से आईडिया ले सकती हैं। यह साड़ी आप 2000 से 3000 तक की कीमत में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से खरीद सकती हैं।

# बरसात में कोहनी और घुटनों के बीच हो न जाए स्किन इन्फेक्शन, रहें सावधान



त्वचा का टेक्सचर हर मौसम में बदलता है। वहीं बरसात के मौसम में हवा में मॉइस्चर की मात्रा बढ़ जाती है, जिसके चलते स्किन सेंसिटिव होने लगती है। त्वचा का ख्याल रखने के लिए वैसे तो कई चीजें मार्के ऑयल को सदियों से हमारे बड़े त्वचा पर अलग-अलग तरह से इस्तेमाल करते हैं। नहाने या त्वचा को साफ करने के बाद आप त्वचा पर नारियल का तेल या सरसों का तेल लगा सकती हैं। इसके अलावा मार्केट में कई तरह के बॉडी ऑयल्स मिल जाएंगे, जिन्हें आप त्वचा पर लगा सकते हैं।

### टेल्कम पाउडर आएगा काम

स्किन में मॉइस्चर के बढ़ने के कारण त्वचा चिपचिपी हो जाती है। वहीं पसीना भी जमा होने लगता है। इसके लिए आप स्किन को सही तरीके से साफ करके टेल्कम पाउडर का इस्तेमाल करें। ऐसा करने से स्किन का सारा मॉइस्चर पाउडर सही तरीके से साफ हो जाएगा और त्वचा में किसी भी तरह का स्किन इन्फेक्शन भी नहीं होगा।

### नहाने के बाद करें ये काम

अक्सर जल्दबाजी के चलते हम नहाने के बाद सही तरीके से शरीर को साफ नहीं करते हैं, जिसके कारण त्वचा में एक जगह पानी इकठ्ठा हो जाता है। ज्यादातर ऐसा बॉडी फोल्ड में देखा जाता है। पानी जमा होने से यह मॉइस्चर के साथ मिलकर स्किन में तरह-तरह के इन्फेक्शन पैदा कर सकता है।

# बरसात के मौसम में इन मेकअप मिस्टेक्स से बना लें दूरी, चेहरा दिख सकता है खराब



हम सभी मेकअप करना पसंद करते हैं। इसके लिए हम वैसे तो स्किन टोन का ख्याल रखते हैं और ऑनलाइन आए किसी नए ट्रेंड को फॉलो करते हैं। मेकअप करने के लिए आपको मौसम का भी खासतौर से ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। वहीं मानसून शुरू हो चुका है। ऐसे में कई बार हम जाने-अंजाने में कई मेकअप करते समय गलतियां कर देते हैं, जिससे चेहरा अजीब नजर आने लगता है। जानते हैं किन मेकअप मिस्टेक्स को आपको मानसून के मौसम में अवॉयड ही करना चाहिए।

### करें लाइट वेट फार्मूला का इस्तेमाल

मानसून का सीजन चिपचिपा और उमस से भरा होता है। ऐसे में ज्यादा हैवी बेस या प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल से चेहरे का नेचुरल ऑयल साथ मिक्स होकर फेस लुक को बिगाड़ कर रख सकता है। इसके लिए आप फाउंडेशन से लेकर कंसीलर तक के लिए क्रीम की जगह वॉटर बेस वाले या सिलिकॉन बेस प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें।

### मेकअप को कैसे सेट करें?

मेकअप को सेट करने के लिए क्रीम और लिक्विड प्रोडक्ट्स के लिए लूज पाउडर और कॉम्पैक्ट काम में आ सकता है। वहीं आखिर में मेकअप टस से मस न होने पाए। इसके लिए आप चेहरे पर सेटिंग स्प्रे की मदद ले सकते हैं। इसके लिए आप अपनी स्किन

### कैसे करें आई मेकअप?

आई मेकअप कई तरह के होते हैं, लेकिन मानसून के मौसम में आप कोशिश करें कि त्वचा को थोड़ा सांस लेने दें। इसका मतलब यह है कि आप आई मेकअप को सटल ही रखें। हल्के रंग और लाइट वेट फार्मूला बेस आई शैडो ही इस्तेमाल करें। क्रीम या ग्लिटर को हो सके तो अवॉयड ही करें।

## कार्नर न्यूज

### हिप-हॉप फैशन के साथ आया है ओवरसाइज कपड़े पहनने का ट्रेंड

# ओवरसाइज ट्रेंड को करना है फॉलो तो टिप्स दिलाएंगे आपको परफेक्ट लुक

*ओवरसाइज कपड़े पहनने का ट्रेंड पिछले कुछ दिनों में खूब चल रहा है। ये ट्रेंड हिप-हॉप फैशन के साथ ही आया है और कॉलेज गोअर्स के बीच खूब पसंद किया जा रहा है। अब तो बड़े-बड़े स्टार्स भी इस ट्रेंड को फॉलो कर रहे हैं। दरअसल इसमें आराम भी मिलता है और स्टाइलिंग भी हो जाती है। ओवरसाइज टी-शर्ट तो काफी स्मार्ट दिखती हैं साथ में ऐसी शर्ट भी काफी अच्छी लगती है। पुरुष ओवरसाइज पैंट भी खूब पहनते हैं और जींस भी। लेकिन ये ट्रेंड किसी पर भी कभी भी अच्छा लगे ये जरूरी नहीं है। बल्कि कई बातें ध्यान रखनी होती हैं, जो ओवरसाइज ट्रेंड को परफेक्टली फॉलो करने में आपकी मदद करती हैं। कौन सी हैं ये बातें, जानते हैं-*



### मौका क्या है?

मौका क्या है? ओवरसाइज ट्रेंड को पहनते हुए सबसे बड़ा सवाल यही होता है। दरअसल ये ऐसा ट्रेंड नहीं है, जिसे कभी भी पहना जा सके। इसको खास मौकों पर ही पहना जा सकता है।

### ओवरसाइज हो बड़ा नहीं

ओवरसाइज फैशन में हाथ आजमाना है तो आपको साइज का ही ध्यान रखने की जरूरत होती है। इसमें आपको जरूरत से ज्यादा बड़ी ड्रेस नहीं बल्कि ओवरसाइज ड्रेस ही लेनी है। मतलब ऐसा न हो कि ओवरसाइज के चक्कर में आप अपने साइज से कई साइज बड़े कपड़े ले लें।

### .कंधे और कमर पर ओवरसाइज

याद रखिए कपड़े ओवरसाइज ही लेने का एक तरीका ये है कि इनके कंधे और कमर देखिए। ये दोनों अगर ओवरसाइज हैं तो समझिए आप सही कपड़े चुन रहे हैं। वरना ऐसा लगेगा मनो आपके कपड़े हैंगर पर टंगे हैं।

### बैलेंस है जरूरी

ओवरसाइज कपड़ों के साथ बैलेंस बहुत जरूरी है। जैसे आप ओवरसाइज कोट के साथ ओवरसाइज पैंट नहीं पहन सकते हैं। बल्कि आपको ओवरसाइज कोट के साथ फिटेड पैंट पहननी चाहिए। लेकिन ये सुपर स्किनी नहीं होनी चाहिए।

### ओवर साइज टी-शर्ट चुनें ऐसे

ओवरसाइज कपड़े पहनने की बारी आती है तो सबसे पहले टी-शर्ट पहनने का ही ख्याल आता है। इसके लिए आप ऐसी टी-शर्ट लीजिए जो बाईसेप के बीच तक आए।

